mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-27 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

28 जनवरी 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



सर्वश्रेष्ठ महिला टी20...

@ पेज 7

# महाकुंभ में रिकॉर्ड तोड़ रही भीड़, मौनी अमावस्या से पहले करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे



**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में सनातनी आस्था के महापर्व महाकुंभ का आज 15वां दिन है। सुबह से ही लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में भीड़ लगातार रिकॉड

**● मौनी अमावस्या के स्नान पर 8-10 करोड़ लोगों की भीड़ आएगी**

तोड़ रही हैं। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से पहले ही प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर साफ देखने को मिल रहा है और हर दिशा से श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा सकता है। मौनी अमावस्या के स्नान से पहले ही करोड़ों लोग यहां पहुंच रहे हैं। वीडियो में ये जो जन सैलाब दिखाई दे रहा हैं ये मेले के एंट्री पॉइंट यानि परेड ग्राउंड का हैं। लाखो की भीड़ पैदल चलती चली जा रही हैं। कुंभ मेले में प्रवेश करते ही भीड़ इतनी बढ़ रही है कि लोग एक-दूसरे से टकरा-टकरा कर चलने को मजबूर है। आज कुम्भ में आने वाले लोगों की भीड़ देखकर साफ है कि मौनी अमावस्या के स्नान पर 8-10 करोड़ लोगों की भीड़ आएगी।

आस्था के इस मेले में पहुंचने के लिए हर शख्स जतन कर रहा है। लोग थक भी रहे हैं लेकिन मां गंगा की आस्था सब पर भारी है। लोग जय गंगे का उद्घोष करते हुए बस अपनी मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे हैं। आज कई वीआईपी भी कुम्भ में आए हैं जिसकी वजह से भी श्रद्धालुओं को थोड़ी परेशानी हो रही है।

**मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने कसी कमर:** पिछले दो दिनों (शुक्रवार और शनिवार) में ही सवा करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं और पूरे मेला क्षेत्र को 'वाहन निषिद्ध क्षेत्र' घोषित किया गया है।

संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। इसमें कहा गया है कि श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है और इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

संगम पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) निगरानी करेगा और भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है, साथ ही अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने डोनाल्ड ट्रंप को जमकर सुनाया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो के बीच तीखी नोक झोंक देखने को मिली है। यह तब शुरू हुआ जब अमेरिका से प्रवासियों को लेकर आ रहे दो विमानों को कोलंबिया ने अपने देश में उतरने से रोक दिया। इसके बाद अमेरिका ने कोलंबिया के खिलाफ कार्रवाई की। कोलंबिया



के राष्ट्रपति पेट्रो ने जवाब दिया और कहा कि अमेरिका हम पर कभी भी शासन नहीं करेगा। व्हाइट हाउस ने बाद में कहा कि शर्तों पर सहमति जताने के बाद ट्रंप प्रशासन ने प्रतिबंधों को स्थगित कर दिया है। वैसे अब यह तो साफ है कि ट्रंप पर पेट्रो के बीच खराब रिश्ते की शुरुआत हो चुकी है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा, ''अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं कर सकता। मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ला रहे अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश को स्वीकार नहीं करता।'' पेट्रो ने कहा कि उनकी सरकार अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लाने वाली उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगी, जब तक कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार वाला एक प्रोटोकॉल नहीं अपनाता। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा, ''अमेरिका कोलंबियाई प्रवासियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं कर सकता। मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ला रहे अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश को स्वीकार नहीं करता।


### इजरायल ने हमास के साथ संघर्ष विराम के बाद पहली बार उठाया बड़ा कदम

**दीर अल-बला (एजेंसी)।** इजरायल ने हमास के साथ 15 महीने के युद्ध के बाद संघर्ष विराम लागू होने पर पहली बार फलस्तीनियों को गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्र में लौटने की अनुमति दी है। इस युद्ध के कारण गाजा पट्टी का उत्तरी क्षेत्र बुरी तरह तबाह हो चुका है। अनुमति मिलने के बाद कई दिनों से अपने क्षेत्र



लौटने का इंतजार कर रहे हजारों फलस्तीनी सोमवार को उत्तर की ओर बढ़े। यहां लौटने वालों की बड़ी संख्या नजर आई। 'एसोसिएटेड प्रेस' के संवाददाताओं ने लोगों को सुबह सात बजे के बाद नेत्जारिम गलियारा पार करते देखा, जब नाका खुल जाता है। हमास और इजरायल के बीच विवाद के कारण उत्तरी क्षेत्र में लोगों की वापसी में देरी हुई। इजरायल का आरोप था कि आतंकवादी समूह ने सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा किए जाने वाले बंधकों के क्रम में बदलाव किया था। हालांकि, वार्ताकारों ने देर रात विवाद सुलझा लिया। संघर्ष विराम का उद्देश्य इजरायल और हमास के बीच अब तक के सबसे घातक और विनाशकारी युद्ध को समाप्त करना है। इतना ही नहीं संघर्ष विराम का मकसद यह भी है कि सात अक्टूबर, 2023 को आतंकवादियों द्वारा इजरायल को निशाना बनाकर किए गए हमले में पकड़े गए कई बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सके। इस हमले के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की शुरुआत की थी। युद्ध के शुरुआती दिनों में इजरायल ने उत्तरी क्षेत्र को पूरी तरह से खाली करने का आदेश दिया था और जमीनी सैनिकों के आने के कुछ समय बाद ही इसे सील कर दिया था।

## 7 जनवरी से रखा है शव, अंतिम संस्कार पर सुप्रीम कोर्ट के जजों की राय अलग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उस पादरी को ईसाइयों के लिए निर्दिष्ट स्थान पर दफनाने का निर्देश देते हुए सोमवार को खंडित फैसला सुनाया जिसका शव 7 जनवरी से छत्तीसगढ़ के एक शवगृह में रखा है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि धर्मांतरित ईसाई को परिवार की निजी कृषि भूमि पर दफनाया जाना चाहिए लेकिन जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शव को छत्तीसगढ़ में गांव से दूर एक निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाना चाहिए।

बेंच ने कहा कि पादरी का शव उसे दफनाने के स्थान को लेकर विवाद के कारण 7 जनवरी से शवगृह में रखा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए वह इस मामले को बड़ी बेंच को नहीं भेजेगी। उसने निर्देश दिया कि शव को उस निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाए, जो राज्य के छिंदवाड़ा गांव से 20 किलोमीटर दूर है। बेंच ने कहा कि वह मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह आदेश पारित कर रही है और उसने राज्य सरकार को पूरी सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को कहा था कि उसे पादरी के शव को दफनाने के मामले में सौहार्दपूर्ण समाधान निकलने और पादरी का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किए जाने की उम्मीद है। कोर्ट ने पादरी के बेटे की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बेंच ने रमेश बघेल नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

**महाकुंभ को लेकर खरगे का बयान, माफी भी मांगी**

# 'क्या गंगा नहाने से खत्म हो जाएगी गरीबी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पूछा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी समाप्त हो जाएगी? उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में कैमरे के समक्ष डुबकी लगाने की होड़ मची है। महाकुंभ स्नान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर बीजेपी नेता अमित मालवीय ने उनपर निशाना साधा है।

मध्य प्रदेश के मऊ शहर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि बीजेपी नेता तब तक डुबकी लगाते रहते हैं, जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न लगे (अच्छी तरह से फिल्माया न जा सके)। हालांकि उन्होंने जोर दिया कि वह यह कहकर किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को उनकी टिप्पणी से ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए माफी मांगते हैं।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, 'नरेंद्र मोदी के झूठे वादों के जाल में मत फंसिए। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म हो जाती है? क्या इससे आपका पेट भर जाता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो तो मैं माफी मांगता हूं।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''लेकिन मुझे बताइए, जब एक बच्चा भूख से मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा है, मजदूरों को उनका हक नहीं मिल रहा है, ऐसे समय में ये लोग हजारों रुपये खर्च कर रहे हैं और (गंगा में) डुबकी लगाने की होड़ में लगे हैं।' उन्होंने कहा कि वे तब तक डुबकी लगाते रहते हैं जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न दिखने लगे।

## नशे की हालत में तिरंगा फहराने जा रहे थे प्रिंसिपल



**हैदराबाद (एजेंसी)।** नशे की हालत में तिरंगा फहराने जा रहे थे स्कूल प्रिंसिपल, पुलिस ने किया गिरफ्तार, बिहार के इस जिले की घटना गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां कथित तौर पर एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक नशे की हालत में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने जा रहे थे। हालांकि, मामले की सूचना जल्द ही पुलिस को दी गई जिसके बात प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आइए जानते हैं इस हैरान कर देने वाले मामले के बारे में सबकुछ। दरअसल, ये पूरी घटना मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर इलाके के धरमपुर पूर्वी इलाके में स्थित सरकारी मिडिल स्कूल की है। पुलिस ने बताया है कि नशे की हालत में राष्ट्रीय ध्वज फहराने जा रहे एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए प्रिंसिपल का नाम संजय कुमार सिंह है। वह धरमपुर पूर्वी के सरकारी मिडिल स्कूल में कार्यरत हैं।

## वक्फ समिति ने एनडीए के सभी संशोधन किए स्वीकार, विपक्ष की एक नहीं चली

**विपक्ष ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'पलटने' का लगाया आरोप**

**हाथरस (एजेंसी)।** वक्फ समिति ने ह्ष्ठ के सभी संशोधन किए स्वीकार, विपक्ष की एक नहीं चली नई दिल्ली- वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा कर रही संसद की संयुक्त समिति ने सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को सोमवार को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बैठक के बाद बताया कि समिति द्वारा स्वीकार किए गए संशोधनों से कानून बेहतर और प्रभावी होगा। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'पलटने' का आरोप लगाया।

तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा, ''यह हास्यास्पद कवायद थी। हमारी बात नहीं सुनी गई। जगदंबिका पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है।''वहीं, पाल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को स्वीकार किया गया है।

समिति द्वारा प्रस्तावित अधिक महत्वपूर्ण संशोधनों में से एक यह है कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' के आधार पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है, जो वर्तमान कानून में मौजूद है।



नए संस्करण में इसे हटा दिया जाएगा, जहां संपत्तियों को केवल धार्मिक इस्तेमाल के उद्देश्यों के लिए लंबे समय तक उपयोग के आधार पर वक्फ माना जा सकता है।

**विपक्ष के सैकड़ों संशोधन खारिज:** पाल ने कहा कि विधेयक के 14 प्रावधानों में एनडीए सदस्यों द्वारा पेश संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने सभी 44 प्रावधानों में सैकड़ों संशोधन पेश किए और उनमें से सभी को मत विभाजन से खारिज कर दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजिजू ने गत 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया था और इसके बाद इसे संयुक्त समिति को भेज दिया गया था।

## हरियाणा सरकार दिल्ली के पानी में मिला रही जहर

**आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने लगाया आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली चुनाव से पहले बड़ा दावा करते हुए बीजेपी पर हरियाणा से दिल्ली आ रहे पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा, ÷वहां की बीजेपी सरकार हरियाणा से आने वाले यमुना के पानी में जहर मिला रही है।÷ उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए यह भी कहा, ÷देश ने आज तक इतनी गंदी राजनीति नहीं देखी। अगर दिल्ली की जनता बीजेपी को वोट नहीं दे रही है तो क्या आप दिल्ली की जनता को जहर मिला हुआ पानी पिलाकर मार देंगे?

केजरीवाल ने समस्या की पहचान कर सीमा पर पानी रोकने के लिए जल बोर्ड के इंजीनियरों की सराहना की और कहा कि अगर ÷यह पानी दिल्ली में आता और पीने के पानी में मिल जाता, तो न जाने दिल्ली में कितने लोग मर जाते - यह एक सामूहिक नरसंहार होता।÷ आरोपों पर अधिक जानकारी देते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम ने दावा किया कि ÷यह एक तरह का जहर है जिसे दिल्ली के जल उपचार संयंत्र भी साफ नहीं कर



सकते हैं। इस वजह से दिल्ली के एक तिहाई हिस्से में पानी की कमी है। केजरीवाल ने यह भी खुलासा किया कि, आतिशी जी और भगवंत मान जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है और तत्काल आधार पर मिलने का समय मांगा है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग हस्तक्षेप करेगा और दिल्ली के लोगों को इस त्रासदी से बचाएगा।÷

वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरोपों का खंडन करते हुए केजरीवाल पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, आरोप लगाना और फिर भाग जाना उनकी (अरविंद केजरीवाल) आदत और सोच है... मैंने कहा था कि आपने (अरविंद केजरीवाल) अपने मुख्य सचिव को भेजा था और मैं अपने मुख्य सचिव से सोनीपत में पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए कहूंगा, जहां से यह (यमुना) दिल्ली में प्रवेश कर रही है। वह अमोनिया के बारे में बात करते हैं। वह पानी की कमी का दावा करते हैं - लेकिन वितरण प्रणाली में कोई समस्या नहीं है। उन्हें आरोप लगाने के बजाय काम करना चाहिए। दिल्ली ने अपना मन बना लिया है और वे उसे सबक सिखाएंगे।

## महाकुंभ में सनातन बोर्ड बनाने को लेकर धर्म संसद

**आध्यात्मिक गुरु और मशहूर कथा वाचक ने देवकीनंदन ठाकुर ने किया आयोजन**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। इस बीच महाकुंभ में सनातन बोर्ड बनाने को लेकर सनातन धर्म संसद शुरू हो गई है। इसका आयोजन आध्यात्मिक गुरु और मशहूर कथा वाचक ने देवकीनंदन ठाकुर ने किया है। इसका उद्देश्य सनातन बोर्ड की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में कई संत, धर्म गुरु और सनातन धर्म के अगुआ शामिल हुए हैं। इसके आयोजन में हेमा मालिनी भी पहुंची हैं। इसमें शामिल होने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। इस दौरान बाल योगी अरुण पुरी महाराज ने कहा कि आज ये दिन हमारे लिए निर्णायक होने जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷सनातन हिंदू बोर्ड अधिनियम उस तिथि से लागू होगा जब से केंद्र सरकार राजपत्र में अधिसूचित द्वारा इसकी नियुक्ति करेगा। स्वतंत्र निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा।जो हिंदू मंदिर की संपत्तियों, निधियों की देखरेख के लिए उत्तरदायी होगा।÷



उन्होंने कहा, ÷इस बोर्ड में वही सम्मिलित किए जाएंगे जो हिंदुत्व के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होंगे। चारों शंकराचार्य को प्रमुख संरक्षक नियुक्त किया जाएगा।13 अखाड़े के आचार्य सदस्य सम्मिलित किए जाएंगे। प्रमुख मंदिरों के ट्रस्टी प्रधान को इसमें सम्मित किया जाएगा। एक विशेष समति का गठन किया जाएगा। सनातन बोर्ड प्रत्येक मंदिर में पुजारियों की नियुक्ति करेगा। सिख, बौद्ध हमारे अभिन्न अंग, इनको भी सम्मिलित किया जाएगा। वक्फ बोर्ड द्वारा जबरन कब्जा की गई संपत्ति को मुक्त कराया जाएगा। सुरक्षी की दृष्टि से कैमरे लगवाए जाएंगे।÷

मीडिया क्षेत्र से जिन्होंने हिंदुत्व को आत्मसात किया है, हिंदुत्व को जिया है, हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाने में जिनका बहुत अमूल्य सहयोग है, ऐसे अध्यक्षों को भी बतौर सदस्य इसमें शामिल किया जाएगा। सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए लोगों को (एक एक सदस्य) भी इसमें शामिल किया जाएगा।÷

धर्म संसद में पहुंचे महामंडलेश्वर, आचार्य, साध्वी, सबका कहना है कि यह चौथी धर्म संसद थी, सनातन बोर्ड सनातन और हिन्दुओ की रक्षा के लिए बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए तमाम सन्तों ने विमर्श किया है और इस बात को सरकार तक पहुंचाकर सनातन बोर्ड बनवाकर रहेंगे।

## 13वीं मंजिल से नीचे गिरा 2 साल का बच्चा, आई मामूली चोट

**डोंबिवली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डोंबिवली के देवीचापाड़ा इलाके में एक चमत्कारिक घटना देखने को मिली। इस घटना ने सभी को हैरान कर दिया। यह घटना साबित करती है कि जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। रविवार सुबह 13 मंजिला इमारत के तीसरे मंजिल से एक दो वर्षीय बच्चा नीचे गिरने लगा, जैसे ही बच्चा गिरने लगा। इमारत में रहने वाले भावेश म्हात्रे नाम के एक युवक ने अपनी जान की परवाह किए बिना भाग कर



उसकी जान बचा ली। दो साल का बच्चा जब 13वीं मंजिल से नीचे गिर रहा था, तो उसने उसे कैच करने की कोशिश की। हालांकि, बच्चे युवक के हाथ से फिसल गया। इस तरह वह सीधे जमीन में गिरने से बच गया और बच्चे को मामूली चोट आई है। यह घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह भगवान का चमत्कार ही कहा जाएगा कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद बच्चे की जान बच गई। इस घटना ने भावेश की बहादुरी और इंसानियत की मिसाल पेश की है। स्थानीय लोगों ने उनकी जमकर सराहना की। बच्चा फिलहाल सुरक्षित है और उसे मामूली चोटों का इलाज किया गया है। यह घटना दिखाती है कि थोड़ी सी जागरूकता और साहस से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।

## जिले में रबी उपार्जन के लिए 31 मार्च तक कराया जा सकेगा पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिये पंजीयन किसानों द्वारा स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति पर निःशुल्क पंजीयन तथा एमपीऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर 50 रूपये का शुल्क जमा करवाकर 31 मार्च 2025 तक प्रातः 07 बजे से रात्रि 09 बजे तक गेहूं का पंजीयन करवा सकते हैं। सुश्री मीना मालाकार ने बताया सिकमी, बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति सहकारी विपणन सहकारी संस्था के केन्द्रों पर किये जायेंगे। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के लिये आधार नम्बर का वेरिफिकेशन उससे लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जायेगा। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी वे सभी अपना पृथक-पृथक पंजीयन करायेंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में है तो उस जिले में पंजीयन कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील कि है की 31 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से पंजीयन करायें। निर्धारित समयावधि के पश्चात पंजीयन किया जाना संभव नहीं होगा। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र एमपी किसान एप पर पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है एवं एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर फैके पर पंजीयन की सशुल्क 50 रूपये प्रति पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

## जैन समाज में आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में जैन समाज द्वारा 28 जनवरी(मंगलवार) को प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। पंचायत कमेटी ट्रस्ट भोपाल के अध्यक्ष मनोज बांगा ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम भोपाल के प्रसिद्ध चौक मंदिर में होगा, जहां मुनि श्री सुदत्त सागर जी महाराज ससंघ की उपस्थिति में विशेष आयोजन होगा। कार्यक्रम में मंदिर के मूलनायक आदिनाथ भगवान का स्वर्ण कलश से अभिषेक किया जाएगा और शांतिधारा की जाएगी। इस अवसर पर 20 किलो का विशेष निर्वाण लड्डू भी भगवान को अर्पित किया जाएगा। ट्रस्ट के अधीन अन्य मंदिरों जैसे कुरान मंदिर, झरनों मंदिर और एमपी नगर मंदिर में भी आदिनाथ भगवान का निर्वाण दिवस भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

## कर्मचारी संघ ने मनाया गणतंत्र दिवस, तुलसी नगर स्थित कार्यालय में ध्वजारोहण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तुलसी नगर स्थित नवीन प्रदेश कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई, जिसके बाद राष्ट्रीय ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। भारत माता की जय गणतंत्र दिवस अमर रहे मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अमर रहे आदि गगन चुम्बी नारे लगाए गये। संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह ने सभी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संघ ने आठवें वेतन आयोग के गठन का स्वागत करते हुए कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाने का भी संकल्प लिया। लिपिक संवर्ग के प्रदेश सह संयोजक मयूर उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिसोदिया, चन्द्रशेखर व्यास, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, राजकुमार चंदेल, सुभाष शर्मा, के बी मेवाड़े, बी डी चौरसिया, विजय रैकवार, जितेंद्र शाक्य, संदीप जैन, रज्जु रैकवार, शिवकुमार शर्मा, अशोक साहू, सुरेश शर्मा, रवींद्रनाथ, जीतेंद्र द्विवेदी, विजेंद्र भदौरिया, वल्लभ सेन सहित दर्जनों अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भोपाल के रवींद्र भवन में लोकरंग का शुभारंभ-सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के रवीन्द्र भवन परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 40वें लोकोत्सव %लोकरंग% का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, हमारे प्रदेश की संस्कृति बहुत समृद्ध है और इसे संरक्षित रखने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मोदी जी की सरकार के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने आध्यात्मिकता और संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए विशेष कदम उठाए हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे बच्चे और युवा पीढ़ी हमारी संस्कृति से हमेशा जुड़ी रहे। संस्कृति विभाग की जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी की ओर से लोकरंग का आयोजन किया जा रहा है। जो 26 से 30 जनवरी तक चलेगा।

कार्यक्रम में बॉलीवुड और थिएटर कलाकार मुकेश तिवारी भी शामिल हुए। राज्यपाल ने पौराणिक वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और द्वार पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों से बातचीत की। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुरस्कार वितरण भी किया। प्रथम पुरस्कार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को प्रदान किया गया, जबकि दूसरा पुरस्कार स्पेशल टास्क फोर्स को और तीसरा पुरस्कार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को मिला। कार्यक्रम के दौरान गोंड साम्राज्य की रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और विभिन्न जनजातियों की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। संचालक संस्कृति एन.पी नामदेव ने बताया कि, समारोह के पहले दिन 26 जनवरी को शुभारंभ अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति की गई। 27 से 29 जनवरी दोपहर 2 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं प्रदर्शन भी किया जाएगा। समारोह पारम्परिक नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला केन्द्रित होगा। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य और नाटक का मंचन किया गया। नाटक की शुरुआत में रानी दुर्गावती के माता दुर्गा के आशीर्वाद से जन्म लेने की कथा को दर्शाया गया। नाटक में दिखाया गया कि रानी दुर्गावती हर प्रकार के शस्त्र चलाने में निपुण थीं और उन्होंने अपने साहस और कौशल से हर किसी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती और गुना राज्य के राजकुमार दलपत शाह की प्रेम कहानी भी दिखाई गई। नाटक के अनुसार, गौड़ साम्राज्य में शेर के आतंक मचाने पर रानी दुर्गावती शिकार करने जंगल गईं, जहां उनकी मुलाकात दलपत शाह से हुई। इस दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। नाटक में जाति प्रथा के खिलाफ रानी दुर्गावती के विचार भी प्रस्तुत किए गए। उनके स्वयंवर के दौरान उन्होंने सामंत राजाओं को ठुकराकर दलपत शाह को अपना जीवनसाथी चुना। राजा दलपत शाह की बीमारी और उनके निधन के बाद रानी दुर्गावती ने बड़ी ही वीरता और कुशलता के साथ राज्य का संचालन किया। मालवा और अन्य राज्यों के आक्रमण के समय रानी दुर्गावती ने अपने पराक्रम से गज पर सवार होकर अपनी सेना के साथ बड़ी शांति और चतुरता से राज्य की रक्षा की।

नाटक में यह भी दिखाया गया कि जब समाज ने सती होने का दबाव डाला, तब रानी दुर्गावती ने इसे नकारते हुए अपने राज्य और प्रजा के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाया। उनकी वीरगाथा ने दर्शकों को प्रेरणा और गर्व से भर दिया। इस समारोह में 300 से अधिक शास्त्रीय, लोक और जनजातीय पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 27 जनवरी को लोकरंग के चालीस वर्षों की यात्रा को चालीस वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति के रूप में दर्शाया जाएगा, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध सितार वादिका स्मिता नागदेव करेंगी। इसके साथ ही, लोकवार्ता में संस्कृति विभाग द्वारा परंपरा में वाद्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। समारोह के अंतिम दिन, 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर माधवास रॉक बैंड, वृंदावन से भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी।

## महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल समाज का हल्दी-कुमकुम समारोह समाज रत्न पुरस्कार से नवाजे गए स्व. रामकृष्ण पाटिल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** समिति के सदस्यों ने मंत्री सारंग को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।

भोपाल में महाराष्ट्रीयन कुणबी पाटिल समाज द्वारा आयोजित परिवार मिलन और महिला हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम ने समाज की एकता का प्रतीक बनकर उभरा। धन्वंतरि पार्क में रविवार को आयोजित इस समारोह में मध्य प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा समाज का सर्वोच्च सम्मान समाजरत्न, जो स्वर्गीय श्री रामकृष्ण पाटिल को मरणोपरांत प्रदान किया गया। उनकी पत्नी और पुत्र ने यह सम्मान ग्रहण किया। महिलाओं ने परंपरागत हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में विशेष रूप से स्थापित सेल्फी पॉइंट ने लोगों को आकर्षित किया, जहां पारंपरिक सजावट के बीच समाज के लोगों ने यादगार पल कैद किए। समाज के कोषाध्यक्ष राजू श्रीराम पाटिल की पहल पर विवाह योग्य युवाओं के बायोडाटा एकत्रित करने का काउंटर भी लगाया गया।

## लोकरंग-2025 में बुंदेलखंड मालवा और चंबल के व्यंजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अगर आप घर और रेस्टोरेंट का खाना खाकर बोर हो गए हैं और कुछ अलग खाना चाहते हैं, तो रवींद्र भवन परिसर में आयोजित लोकरंग में उपलब्ध खास व्यंजन आपकी तलाश पूरी कर सकते हैं। यहां मालवा की कई डिशेज जैसे गराडू, साबूदाना बड़ा, दाल बाटी शामिल है। दूसरी तरफ आप बुंदेलखंडी व्यंजनों तिल का कूचा, महुआ का मुरक आदि भी खा सकते हैं। इसके अलावा यहां पर लोगों को मक्की का ढोकला और गेहूं की खीर भी खासी पसंद आ रही है। लोकरंग में करीब 15 से अधिक फूड स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें मध्य प्रदेश के कई इलाकों की खास डिशेज और मराठी डिशेज भी शामिल हैं। जानते हैं कि लोकरंग में क्या है खास ....। पारंपरिक व्यंजन का स्टॉल लगाने वाली मंजू शर्मा ने बताया कि गेहूं की खीर विदिशा का लोकप्रिय व्यंजन है। इसे बनाने में काफी समय लगता है। इसे गेहूं का छिलका उतार कर बनाया जाता है। यह डिश जैन समाज में बहुत प्रचलित है। उन्होंने बताया कि यह व्यंजन स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी है। इसे ग्लूटन फ्री डिश के रूप में भी पहचाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में मक्की का ढोकला, बेसन गट्टा, सेव टमाटर और मक्की के आटे से बने अन्य व्यंजन भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। चंबल से आई तहसीन खान ने मोटे अनाज और तिल से बने बाजरे के लड्डू और तिल के अन्य व्यंजन पेश किए। उन्होंने बताया कि ये व्यंजन सर्दी के मौसम में जोड़ों के दर्द में राहत पहुंचाते हैं।

# जीआईएस समिट की तैयारी समय से पूर्ण करें : सिंह

### समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एडीएम श्री सिद्धार्थ जैन, श्री अंकुर मेश्राम, श्री प्रकाश नायक, सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का संतोषजनक और त्वरित निराकरण किया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन समारोह में प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति और हितलाभ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए अधिकारियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी एसडीएम को अवैध कॉलोनियों पर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए। जीआईएस समिट की तैयारियों को लेकर श्री सिंह ने कहा कि यह आयोजन भोपाल के लिए एक अद्वितीय अवसर है। उन्होंने भोपाल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिशन मोड पर काम करने और समिट की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों से समर्पण और तत्परता के साथ काम करते हुए आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समिट न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

## भोपाल में गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 50 देना होगी फीस, पर आधार कार्ड-बैंक डिटेल जरूरी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में सरकार को गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। किसान 31 मार्च तक एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्रों या सायबर कैफे पर जाकर पंजीयन करवा सकेंगे। बदले में 50 रुपए फीस देना होगी। किसान खुद के मोबाइल, कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र या सहकारी समिति में भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यहां उन्हें फीस नहीं देना पड़ेगी। किसान 31 मार्च तक रोज सुबह 7 से रात 9 बजे तक पंजीयन करवा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया, सिकमी, बंटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति सहकारी विपणन सहकारी संस्था के केंद्रों पर किए जाएंगे। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जब भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन उससे लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमैट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी, वे सभी अपना पृथक-पृथक पंजीयन कराएंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में हैं, तो उस जिले में पंजीयन कराया जाएगा।



# गरिमामय रहा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का गणतंत्र दिवस समारोह

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले अधिकारी - कर्मचारियों के परंपरागत समान के साथ- साथ अंगदान करने वाले परिवार व मैराथन रनर भी समानित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल में गणतंत्र दिवस परंपरागत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र ध्वज फहराए जाने तथा राष्ट्रगीत गायन के साथ कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत हुई। इस बार कार्यक्रम में कार्यालयीन कर्मचारी - अधिकारियों के साथ पूर्व सीएमएचओ डॉ.पंकज शुक्ला, आईएपी की भोपाल शाखा के डॉ. महेश माहेश्वरी, आरोग्य भारती के डॉ.अभिजीत देशमुख, किरण फाउंडेशन के डॉ. राकेश भार्गव, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के डॉ रोहित श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शल्यक्रिया विशेषज्ञ डॉ. यू डी सक्सेना, वीकेसी रायकवार भी शामिल हुए। कार्यक्रम में अंगदान एवं देहदान करने वाले 31 परिवारों के सदस्यों को सम्मान पत्र एवं पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया गया एवं समाज के प्रति उनके द्वारा किए गए इस अमूल्य योगदान के लिए कृतघ्यता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त मैराथन धावक सुश्री सपना रघुवंशी को में प्रथम स्थान हेतु सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि देश की अस्मिता का प्रतीक यह पर्व हमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध करवाता है। देश, समाज और मानवता के प्रति त्याग और समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण अंगदान देहदान भी है। व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी ये अंग किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में जीवित बने रहते हैं। अंगदान कार्यक्रम के तहत भोपाल जिले में लगभग साढ़े तीन हजार ऑर्गन डोनेशन पंजीयन हुए हैं। पिछले कुछ सालों में अंगदान जागरूकता और ऑर्गन ट्रांसप्लांट की संख्या बढ़ी है। इस दिशा में शासन और प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सहयोग दिया जा रहा है। विभाग द्वारा पंजीयन और जागरूकता को और बढ़ाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अंगदान के लिए पंजीयन करवा सकता है। इसके लिए नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन की वेबसाइट पर पंजीकरण करवाया जा सकता है।अंगदान में लीवर, किडनी, हार्ट, लंग्स, आंत, अग्नाशय, हड्डी, हार्ट वाल्व, त्वचा, कॉर्निया, कार्टिलेज, ब्लड वेसल्स को डोनेट किया जा सकता है। चिकित्सकीय उद्देश्य के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा व्यक्ति को मृत घोषित किए जाने के बाद अंगदान किया जा सकता है। मृत्यु के बाद कई अंगों और ऊतकों को दान किया जा सकता है। जीवित व्यक्ति अपनी एक किडनी दान कर सकता है। एक स्वस्थ गुर्दे के साथ सामान्य जीवन जिया सकता है।

# मिठी गोबिंदराम और नवनिध स्कूल में मना गणतंत्र दिवसऽइंटर हाउस खेल प्रतियोगिताओं में साधु वासवानी और स्वामी दयानंद प्रथम




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल और नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ किया गया। इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में नवनिध स्कूल में प्रथम स्थान पर साधु वासवानी (ब्लू हाउस) एवं द्वितीय स्थान पर स्वामी दयानंद (ग्रीन हाउस) रहे। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान पर स्वामी दयानंद (ग्रीन हाउस) एवं द्वितीय स्थान पर स्वामी हीरानंद (रेड हाउस) रहे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, संयुक्त सचिव के एल रामनानी सहित दोनों विद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रही एनसीसी परेड का नेतृत्व कमांडर ओम चंदवानी और श्रेया शर्मा ने किया। एनसीसी ऑफिसर संत शर्मा, जिन्होंने आर्म्ड फोर्सेस से प्रशिक्षण प्राप्त किया है, के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। दोनों विद्यालयों के बैंड की सुंदर प्रस्तुति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने अपने संबोधन में उठो, जागो और प्राप्त करो का प्रेरक संदेश दिया। मुख्य अतिथि श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मठता, देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन ही देश के विकास की नींव हैं। समारोह में विद्यालय के शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम ही विद्यार्थी जीवन का आधार है। आपने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि देश के उज्ज्वल भविष्य की जिम्मेदारी आज के युवाओं पर है। उन्होंने छात्रों को, पढ़ाई में मन लगाना, नियमित खेलों में रुचि लेना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, कसरत करना, सात्विक भोजन, समय का पालन इत्यादि कार्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए के प्रेरित किया। कक्षा 1 'बी' के छात्र मोक्ष दासानी और कक्षा 5 की ऐश्वर्या जगनानी ने अपने प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से गणतंत्र दिवस की महत्ता और उन्नत भारत की प्रगति पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# जमीन अधिग्रहण के खिलाफ पानी में उतरे किसान

## शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष को घसीटकर पुलिस ले गई, 8 लोग गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रेलवे द्वारा जमीन अधिग्रहण के खिलाफ सोमवार को गोपालदास बांध पर शिवसेना कार्यकर्ता और किसानों ने जल सत्याग्रह कर विरोध किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों और शिवसैनिकों ने प्रशासन से घर बनाने के लिए जमीन दिलाने की मांग की। शिवसैनिकों का विरोध-प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला। मामला नौढ़िया गांव के कोतवाली थानाक्षेत्र का है। पुलिस ने प्रदर्शनकारी शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे और जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल सहित आठ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है।





**पुलिस पर शिवसैनिक के साथ मारपीट का आरोप:** शिवसेना के जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह ने बताया कि नौढ़िया गांव के 45 घर ऐसे हैं, जिन्हें प्रशासन ने खाली करने का आदेश दिया था, जिसके बाद उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। न तो उनके पास जमीन है और न ही किसी भी प्रकार की कोई सुविधा दी गई है। जिसके लिए करीब 5 महीने से वे प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां सुनवाई न होने पर आज जल सत्याग्रह किया गया था। आरोप है कि पुलिस ने शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे को कथित तौर पर घसीटते हुए थाने ले गई। साथ ही उनके कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट भी की गई।

**5 महीनों से जमीन अधिग्रहण के खिलाफ विरोध जारी:** प्रदर्शनकारियों ने कहा पिछले 5 महीनों से किसान अपनी जमीनों के अधिग्रहण के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। रेलवे विभाग की कार्रवाई से कई किसान बेघर हो गए हैं, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी उनकी समस्या सुनने नहीं आया। प्रदर्शन के दौरान बुजुर्ग महिलाओं समेत कई लोगों की आंखों में आंसू थे। प्रदर्शनकारियों ने भारत-माता की जय के नारे लगाए।

**जानें पूरा मामला:** दरअसल, रेल विभाग ललितपुर से सिंगरौली के लिए सिंगल लाइन बिछाने काम कर रहा है। इसी बीच में नौढ़िया गांव आता है। रेलवे ने वर्ष 2016 में नौढ़िया गांव का भूमि अधिग्रहण किया था। हालांकि, इस भूमि पर आदिवासी समाज का 40 परिवार रहता था, जबकि भूमि का पट्टा दूसरे समाज के लोग के नाम था। इस वजह से भूमि का मुआवजा भूमि मालिक को मिल गया। ऐसे में इन 40 परिवारों को कुछ नहीं मिला।

# बेटी जन्म पर 5 हजार रुपए देते हैं

## सेना के सूबेदार अब तक 40 परिवारों को दे चुके 2 लाख की मदद



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के दनवारा गांव में एक सैन्य अधिकारी ने बेटी बचाओ अभियान को एक नई दिशा दी है। थल सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत पुष्पेंद्र कुमार तिवारी पिछले तीन वर्षों से गांव में जन्म लेने वाली हर बेटी के लिए अपनी सैलरी से 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रहे हैं।

25 वर्षों से सेना में कार्यरत पुष्पेंद्र कुमार, जिनके पिता भी फौजी रह चुके हैं, अब तक 40 परिवारों को कुल 2 लाख रुपए की सहायता प्रदान कर चुके हैं। उनकी इस अनूठी पहल को पन्ना जिला प्रशासन ने भी सराहा और 26 जनवरी को उन्हें सम्मानित किया गया।

सूबेदार तिवारी की सामाजिक सेवाएं यहीं नहीं रुकतीं। वे शिक्षा को भी प्रोत्साहित करते हैं और 10वीं-12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देते हैं। उनकी इस पहल का सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि पहले साल जहां केवल 2 छात्र 75% अंक लाए थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 13 हो गई।

"मेरा गांव से गहरा जुड़ाव है और मुझे अपने माता-पिता और पत्नी से गांव की बेटियों की सेवा करने की प्रेरणा मिली है। गांव में जन्म लेने वाली हर बेटी मेरी अपनी बेटी है," सूबेदार तिवारी ने कहा- वे गांव के कुछ जरूरतमंद बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनका यह सामाजिक कार्य समाज में एक मिसाल बन गया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रचार रथ रवाना

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मिशन शक्ति सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी के सफल मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता रथ बनवाया गया। इस जागरूकता रथ को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोपदबनास सीधी नीलेश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुसमी प्रिया पाठक, तहसीलदार गोपदबनास जान्हवी शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी उपस्थित रहे।

रथ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं बाल विवाह हेतु बने कानून, सजा एवं बाल विवाह की शिकायत दर्ज कराने हेतु जानकारी देगा।

# मंदिर के पास युवक की लाश मिली

## परिजन ने जताई हत्या की आशंका, एक दिन पहले से लापता था



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के मऊ गांव में एक युवकी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। जयपाल सिंह गोंड (32) नाम का युवक रविवार शाम से लापता था, जिसकी लाश सोमवार को गांव के एक पुराने मंदिर के पास मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल के आसपास बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

**घटना स्थल पर पहुंची पुलिस:** मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाया। थाना प्रभारी अरुण पांडे के अनुसार, प्रथम दृष्ट्या युवक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा कि मौत की वजह क्या है? फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# अनूपपुर पुलिस ने पकड़ा अंतरराज्यीय चोर गिरोह

## छत्तीसगढ़ के दो आरोपी गिरफ्तार, 2.5 लाख के जेवर-मोबाइल और बाइक बरामद

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर, चार मोबाइल फोन, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर बाइक बरामद की गई है। बरामद की गई संपत्ति की कुल कीमत 2.50 लाख रुपए है।




मामला 19-20 जनवरी 2024 की रात का है। जब प्रकाश पांडे (46) अपने परिवार के साथ कटनी गए हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके वार्ड नंबर 4, पटौराटोला अनूपपुर स्थित बंद घर का ताला तोड़कर लोहे की अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, चार मोबाइल फोन और नकदी चुरा ली। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली अनूपपुर में धारा 331(4), 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से राजेश्वर पांडे पिता बद्री प्रसाद पांडे उम्र 21 साल निवासी महेंद्रगढ़ जिला एमसीबी छत्तीसगढ़ और सन्नी दुबे पिता सुरेश दुबे उम्र 23 साल निवासी महेंद्रगढ़ जिला एमसीबी छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड है। जिनके द्वारा पूर्व में मनेन्द्रगढ़ में मंदिर में चोरी की गई थी। जिसमें मंदिर के छत्र, पूजन सामग्री के बर्तन आदि आरोपियों से जब्त किए गए थे। आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जाकर अन्य चोरी के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

# फेनेस्टा ने रीवा में खोला एक और शोरूम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** देश के सबसे बड़े विंडोज और डोर्स ब्रांड और इस क्षेत्र के मार्केट लीडर फेनेस्टा ने अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करते हुए एक नया शोरूम खोला है। कंपनी का यह एक्सक्लूसिव शोरूम, अशोक एंटरप्राइजेज, वार्ड नंबर 9, मैंगो ट्री होटल के पीछे, अनंतपुर पर स्थित है और इसमें उच्चतम गुणवत्ता के एल्युमिनियम विंडो और डोर्स, यूपीवीसी विंडो और डोर्स, और सॉलिड पैनल डोर्स उपलब्ध हैं। इस अवसर पर साकेत जैन, बिजनेस हेड, फेनेस्टा ने कहा, "हम विकास की राह पर लगातार आगे बढ़े हैं, क्योंकि हम अपने ग्राहकों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता रखते हैं और साथ ही हमारी व्यापक प्रॉडक्ट रेंज के कारण भी हम तेजी से आगे बढ़े हैं।

# सोन घड़ियाल अभयारण्य से रेत निकालने पर हाइवा जब्त, पुलिस ने चालक और मालिक पर केस दर्ज किया



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिबंधित सोन घड़ियाल प्रोजेक्ट क्षेत्र से अवैध रेत खनन का मामला सामने आया है। देवलौंद पुलिस ने आज सुबह अवैध रेत से भरे एक हाइवा ट्रक को जब्त किया है। वाहन चालक और मालिक के खिलाफ केस दर्ज हुआ।

थाना प्रभारी डी.के दहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने माफिया को चकमा देने के लिए प्राइवेट वाहन का इस्तेमाल किया। सूचना मिलते ही टीम सोन घड़ियाल की ओर रवाना हुई, जहां उन्हें सथनी बैरिहाई गांव के पास अवैध रेत से लदा हाइवा ट्रक मिला।

वाहन चालक राजेश यादव से जब वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में पता चला कि ट्रक रीवा निवासी राजेंद्र सिंह बघेल का है, जिसके निर्देश पर चालक अवैध रेत का परिवहन कर रहा था।

पुलिस ने वाहन चालक और मालिक के खिलाफ खनिज अधिनियम और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। वाहन को जब्त कर थाने में सुरक्षित रखा गया है। यह क्षेत्र विशेष रूप से संरक्षित है, जहां मगरमच्छों के संरक्षण के लिए आम लोगों का प्रवेश भी प्रतिबंधित है।

# जनकल्याण अभियान में 76 हजार आवेदनों का निराकरण घर-घर जाकर पात्र लोगों को मिला योजनाओं का लाभ: राज्य मंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में सोमवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन समारोह बैढ़न के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



मुख्यमंत्री की ओर से 11 दिसंबर से शुरू किए गए इस अभियान में जरूरतमंद लोगों का घर-घर जाकर सर्वे किया गया और उनकी पात्रता के अनुसार लाभ दिया गया। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि 25 जनवरी तक चले इस अभियान में जिले भर से 78 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 76 हजार का त्वरित निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश, नगर निगम के कमिश्नर डीके शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में हितग्राही और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसी कठिन समस्याओं का निराकरण करना था, जिनके लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता थी।

# बच्चों की सुरक्षा का दोहराया संकल्प



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी ने धूमधाम से संगठन का स्थापना दिवस मनाया। बच्चों के खिलाफ अपराधों के खात्मे के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों ने इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल अधिकारों के संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर एक कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी ने एक ऐसे भविष्य और दुनिया के निर्माण का संकल्प लिया जहां बच्चों के लिए अवसरों का अनंत आकाश हो और वे शोषण व उत्पीड़न से मुक्त हों।

# डीजे वाहन पलटने से नाबालिग की मौत, एक युवक गंभीर घायल

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में एक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सोमवार दोपहर को नौगांव थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तर प्रदेश के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुडेरी निवासी विश्वनाथ अहिरवार (15) और सुरेंद्र अहिरवार रविवार को छतरपुर के कैडी गांव में एक चौक समारोह में डीजे बजाने गए थे।



सोमवार दोपहर करीब 1 बजे वापसी के दौरान लुगासी के पास एक बाइक को बचाने के प्रयास में उनका डीजे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

**खेती करता था युवक:** हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने विश्वनाथ को मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि उनका बेटा खेती का काम करता था और सुरेंद्र के साथ डीजे बजाने गया था।

पुलिस ने मृतक विश्वनाथ का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। लुगासी चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैडी निवासी गोविंद कुशवाहा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि डीजे टीम चौक समारोह में शामिल होने आई थी।

# अवैध रेत परिवहन करते बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त, पुलिस ने मालिक और ड्राइवर पर दर्ज किया केस



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** बिजुरी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुनहा तालाब के पास घेराबंदी कर यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी विकास सिंह के मुताबिक, जब्त किए गए ट्रैक्टर के मालिक और चालक की पहचान कृष्णपाल सिंह गौड़ (34) के रूप में हुई है, जो बड़ी डोंगरिया का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2), 317 (5) और खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# यशस्वी भारत मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ आज




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर के मार्तंड स्कूल क्रमांक 1 के प्रांगण में तीन दिवसीय यशस्वीभारत मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 जनवरी को 12 बजे रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथ के रूप में विधायक नागेंद्र सिंह दिव्यराज सिंह, सिद्धार्थ तिवारी इंजी नरेंद्र प्रजापति रीवाभाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रानगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे सहित जिले के जनप्रतिनिधि और गणमान्य जन् उपस्थित रहेंगे रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने रीवा संसदीय क्षेत्र के आम जनों से प्रदर्शनी में 28 जनवरी से 30 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मार्तंड स्कूल प्रांगण में पहुंच कर केंद्र प्रदेश सरकार के विभिन्न उत्पादन एवं जीवाश्मों से संबंधित जानकारी का अवलोकन करने की अपील करते हुए कहा है कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं और उसको बढ़ावा देने के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# सांसद ने करोड़ों रुपए की विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

## सीधी की जनता को मिली सौगात, आदिवासी क्षेत्रों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के कुसमी क्षेत्र में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर टमसार में सोमवार को करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने भूमिपूजन किया है। इनमें टमसार से गुड्डआधर पहुंच मार्ग, ठाढ़ीपाथर केरहिया से लड़केरी मार्ग और टमसार मुख्य मार्ग से बैंगान टोला तक की सड़क शामिल हैं।





भाजपा महामंत्री राजकुमार तिवारी के अनुसार, इस परियोजना में तीन महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, जनपद सदस्य जमुनी देवी और कुसमी मंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह सहित कई स्थानीय नेताओं की उपस्थिति रही। सांसद मिश्रा ने केंद्र और राज्य सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जबकि विधायक टेकाम ने इन परियोजनाओं को क्षेत्र की प्रगति का मील का पत्थर बताया।

इन विकास कार्यों से क्षेत्र में नई उम्मीदें जगी हैं। सड़क निर्माण से न केवल यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। ग्रामीणों का दैनिक जीवन सुगम होगा और क्षेत्र का समग्र विकास तेज होगा।

## विचार

# दिल्ली में इस बार जनता के लिए घोषणापत्र नहीं

ज्यादा की छूट दी जाती है लेकिन दिल्ली में चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट है। यानि सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का आलम क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है।

दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तमाम तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिये, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गयी। आम आदमी पार्टी ने सादगी और शुचिता की बात की थी लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब ''केजरीवाल की गारंटी'' शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ''ठोस'' कदम का वादा किया है।

बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्त सुविधाएं केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं। जबकि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल सिखाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही मतदाताओं को इन लाभों की कीमत के बारे में पता होना चाहिए जो अंततः जनता की जेब से ही आती है। यहां तक कि निर्धनतम व्यक्ति भी अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स दे रहा है।

# आखिर कौन लागू करवाएगा दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में आचार संहिता?

**कमलेश पांडे**

**दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीनी दबदबे को नियंत्रित करने के लिए एक आदर्श आचार संहिता लागू करने की मांग सही है, लेकिन वहां पर इसे लागू कौन करवाएगा, इस बात का उर भारत समेत विभिन्न आसियान देशों के पास नहीं है। ये तो सिर्फ वकालत कर रहे हैं कि दक्षिण चीन सागर ऐसा होना चाहिए। जबकि चीन अपनी हठधर्मिता के चलते सैन्य कार्रवाई करने पर उतारू है। इसी दृष्टि से वह लगातार अपनी तैयारी पुता करता जा रहा है। लेकिन उसे रोकने में संयुक्त राष्ट्र संघ भी यहां असहाय प्रतीत हो रहा है। देखा जाए तो चाहे चीन विरोधी अमेरिका हो या चीन समर्थक रूस या फिर इनके-इनके समर्थक विभिन्न विकसित और विकासशील देश, सबकी नीति इस मामले में अभी तक ढुलमुल ही रही है। इसलिए भारत की भूमिका इस मामले में भी अहम और निर्णायक बताई जा रही है। योंकि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों के बहुत पुराने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सबन्ध भी हैं। वहीं, वैश्विक दुनियादारी में चीन को संतुलित रखने के लिए भी भारत और आसियान देशों को एक-दूसरे की जरूरत है। इसलिए आशियान देशों के साथ भारत की निकटता जगजाहिर है।**



समझा जाता है कि भारत ही अमेरिका और रूस दोनों देशों पर दबाव डालकर आसियान देशों के दक्षिण चीन सागर सम्बन्धी दूरगामी हितों की रक्षा कर सकता है। जानकारों की मानें तो चीन की विस्तारवादी नीति से न केवल भारत बल्कि आशियान देशों के विभिन्न हित प्रभावित हो रहे हैं। उधर, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की चिंता भी किसी से छिपी हुई नहीं है। हालांकि, इन देशों में अमेरिका के बाद भारत ही एक ऐसा मुल्क है जो चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षा को नियंत्रित कर सकता है। इसी नजरिए से क्वाड देशों में भी भारत की भागीदारी प्रमुख है।

इधर भारत-चीन सम्बन्धों में भी %तू डाल-डाल, मैं पात-पात% वाली कहावत चरितार्थ होती है। यही वजह है कि गत 25-26 जनवरी 2025 को भारत ने चीन के खिलाफ एक और बड़ी चाल चलते हुए, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में आचार संहिता लागू करने का आह्वान किया है। वहीं, इसके दूरगामी वैश्विक मायने को समझते हुए इंडोनेशिया जैसे प्रभावशाली देश ने भी भारत का साथ दिया है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के 76वें गणतंत्र समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इसी दौरान हुई विभिन्न बैठकों के क्रम में उपर्युक्त आशय की सहमति बनी है।

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच भारत और इंडोनेशिया ने प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार इस क्षेत्र में %%पूर्ण और प्रभावी%% आचार संहिता लागू करने की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के बीच गत शनिवार को हुई व्यापक बातचीत में दक्षिण चीन सागर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में दोनों पक्षों ने भारत के हिंद महासागर क्षेत्र स्थित सूचना संलयन केंद्र (इन्फार्मेशन फ्यूजन सेंटर) में इंडोनेशिया से एक संपर्क अधिकारी तैनात करने पर सहमति व्यक्त की। बता दें कि भारतीय नौसेना ने समान विचारधारा वाले देशों के साथ सहयोगात्मक ढांचे के तहत जहाजों की आवाजाही के साथ-साथ क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण विकास पर नजर रखने के लिए वर्ष 2018 में गुरुग्राम में इन्फार्मेशन फ्यूजन सेंटर की स्थापना की थी। चूंकि आसियान देश भी दक्षिण चीन सागर पर एक बाध्यकारी आचार संहिता पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि चीन द्वारा इस क्षेत्र पर अपने व्यापक दावों को स्थापित करने के लगातार प्रयास जारी हैं। वहीं, इस मुद्दे पर भारत की अगुवाई में चल रहे कीप एंड बैलेंस की नीति पर चीन का बौखलाना स्वाभाविक है।बीजिंग इस प्रस्तावित आचार संहिता का कड़ा विरोध करता रहा है। वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जो हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्त्रोत है। जबकि, वियतनाम, फिलीपींस और ब्रुनेई सहित कई आसियान सदस्य देशों ने चीन के इस दावे पर आपत्ति जताई है।

गौरतलब है कि एक ओर दक्षिण चीन सागर में जहां चीन अपनी सैन्य ताकत में निरंतर इजाफा करने में जुटा हुआ है, जिससे आसपास के छोटे देश भयभीत हैं। वहीं अब भारत ने चीन के खिलाफ अपनी चाल चलते हुए दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में आचार संहिता लागू करने का आह्वान किया है। सुकून की बात यह है कि भारत को इस मुद्दे पर इंडोनेशिया जैसे महत्वपूर्ण देश का भी साथ मिल गया है। जबकि दूसरी तरफ चीन इस क्षेत्र में आचार संहिता का खुलकर विरोध करता है। इसलिए दक्षिण चीन सागर से जुड़े हुए विभिन्न प्रभावित देशों के साथ-साथ भारत और अमेरिका की चिंताएं स्वाभाविक हैं। बता दें कि अक्टूबर 2024 में भी जब पीएम मोदी ने ईस्ट एशिया सम्मेलन में हिस्सा लिया तो उन्होंने चीन पर इस बाबत निशाना साधा था। इससे एक दिन पहले आसियान-भारत सालाना सम्मेलन में भी उन्होंने चीन की तरफ इशारा करते हुए हिंद प्रशांत क्षेत्र और साउथ चाईना सी को लेकर जो सारी बातें कहीं, वह इस क्षेत्र में आक्रामक रवैया अपना रहे चीन को नागवार गुजर सकती है।

तब पीएम मोदी ने आसियान-भारत सालाना सम्मेलन में दक्षिण पूर्वी एशियाई क्षेत्र के देशों के भौगोलिक संप्रभुता को समर्थन देकर चीन की तरफ इशारा किया था। वहीं, ईस्ट एशिया सम्मेलन में भी उन्होंने हिंद प्रशांत क्षेत्र और साउथ चाईना सी को लेकर दो टूक चिताएं जताई। मोदी ने समूचे हिंद प्रशांत क्षेत्र को कानून सम्मत बनाते हुए यहां की समुद्री गतिविधियों को संयुक्त राष्ट्र के संबंधित कानून (अनक्लोस) से तय होने की मांग की और साउथ चाईना सी के संदर्भ में एक ठोस व प्रभावी आचार संहिता बनाने की भी बात कही। बता दें कि आसियान के सभी दस सदस्य देश भी इसकी मांग कर रहे हैं।

वहीं, एक दिन पहले चीन के प्रधानमंत्री ली शियांग के साथ बैठक में आसियान नेताओं ने इन मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया था। इसके साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री ने दुनिया के दूसरे क्षेत्रों में चल रहे तनाव के संदर्भ में कहा, %विश्व के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों का सबसे नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर हो रहा है। सभी चाहते हैं कि चाहे यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया, जल्द से जल्द शांति और स्थिरता की बहाली हो। तब पीएम मोदी ने यहां तक कहा था, %मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि से नहीं, बल्कि सकारात्मक रणनीति से निकल सकता है। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का आदर करना आवश्यक है। वहीं, मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए, डायलॉग और कूटनीति को भी प्रमुखता देनी होगी। विश्वबंधु के दायित्व को निभाते हुए, भारत इस दिशा में हर संभव योगदान करता रहेगा।%

तब मोदी ने आतंकवाद को भी वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बताते हुए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बता दें कि इस सालाना आसियान सम्मेलन में शामिल सभी नेताओं में सबसे ज्यादा बार (नौ बार) पीएम मोदी ने ही हिस्सा लिया है। यह आसियान के मामलों में भारत की बढ़ती भूमिका को भी बताता है।

वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत रविवार की शाम इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के सम्मान में डिनर आयोजित किया। इस दौरान इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कुछ ऐसा कहा, जिसे सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी गणमान्य लोग खिलखिलाकर हंस पड़े। दरअसल, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने भारत और इंडोनेशिया के बीच प्राचीन संबंधों की बात कहते हुए कहा कि हमारी भाषा के कई अहम शब्द संस्कृत भाषा से आते हैं। बकौल इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, %भारत और इंडोनेशिया के आपसी संबंधों का इतिहास बेहद पुराना है। दोनों देशों की सभ्यताओं में भी गहरा जुड़ाव रहा है, यहां तक कि हमारी भाषा के कई अहम शब्द संस्कृत भाषा के हैं। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी प्राचीन भारतीय सभ्यता का प्रभाव है। यहां तक कि हमारे जीन्स यानी डीएनए में भी समानता है।% इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने यहां तक कहा कि %कुछ हफ्ते पहले ही मैंने अपनी जेनेटिक्स सीक्वेंसिंग और डीएनए टेस्ट कराया। मुझे बताया गया कि मेरा डीएनए भारतीय है। सभी जानते हैं कि जैसे ही मैं भारतीय संगीत सुनता हूं, तभी मैं थिरकना शुरू कर देता हूं।%

वहीं, मासूमियत पूर्वक सुबियांतो ने आगे कहा कि मुझे यहां (भारत) आने पर गर्व है। मैं कोई खांटी राजनेता नहीं हूं, न ही अच्छा कूटनीतिकार हूं, मैं जो भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। मुझे यहां आए हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन मैंने पीएम मोदी के नेतृत्व और उनके समर्पण से काफी कुछ सीखा है। उनका गरीबी को दूर करने और कमजोर वर्ग की मदद करने के लिए जो समर्पण है, वह हमारे लिए प्रेरणा है।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

**योगेंद्र योगी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई।

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर



बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

# महिला समेत 6 लोग हेरोइन के साथ गिरफ्तार

## 18 लाख का माल पंजाब से हुआ था सप्लाई, एनडीपीएस केस में भेजे गए जेल





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में हेरोइन (चिट्टा) के साथ दो महिला समेत 6 लोग गिरफ्तार हुए है। पंजाब से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ रायपुर में सप्लाई हुआ था। आमानाका और गुढ़ियारी पुलिस ने शहर के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर पकड़ा है।

दरअसल, रायपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि, पंजाब से अंतरराज्यीय गिरोह हेरोईन-चिटटा बिक्री करने के लिए रायपुर ला रहा है। हेराईन को अलग-अलग जगहों पर बांटने वाले हैं। एक विशेष टीम ने शहर के कई जगहों पर रेड मारकर 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**5 आरोपी पंजाब के निवासी:** इन आरोपियों में 5 पंजाब के निवासी है। उनसे कुल 201.31 ग्राम हेरोईन (चिटटा) कीमत 18 लाख 20 हजार रुपए जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट में एक्शन लिया गया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि आगे और भी गिरफ्तारियां होगी।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार:-**

**23 जनवरी:** आमानाका थाना इलाके के जेपी गार्डन के पास सरोना रेल्वे स्टेशन रोड टाटीबंध से आरोपी जगदीश सिंह और महिला आरोपी शीतल राजपूत निवासी गुरूदासपुर पंजाब को 20.19 ग्राम हेरोईन (चिटटा) के साथ पकड़ा गया।

**25 जनवरी:** आमानाका थाना स्थित होटल सिंघानिया प्रिमियम टाटीबंध से दो अंतरराज्यीय हेरोईन (चिटटा) तस्कर चरणजीत सिंह और जॉन मसीह को पकड़ा गया।

**25 जनवरी:** गुढियारी थाना इलाके से आरोपी शाहिदा बेगम दुर्गा चौक अशोक नगर गुढियारी से 31 ग्राम हेरोईन (चिटटा) और 25 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने दूसरे आरोपी का मूवमेंट ट्रैक किया। 6 घंटे के अंदर आरोपी ट्रक ड्राइवर काश्मीर सिंह को दबिश देकर माल और ट्रक के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से 21 ग्राम हेरोईन (चिटटा) और 35,510 रुपए बिक्री रकम जब्त किया गया है।

### मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या

# नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से काट डाला, मौके से पर्चा भी बरामद



**मीडिया ऑडीटर, बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के ग्राम केशामुंडी में नक्सलियों ने बीती रात पुलिस मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। घटनास्थल से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की भैरमगढ़ एरिया कमेटी का एक पर्चा भी बरामद हुआ है। मामला भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का है।

सूचना मिलने पर भैरमगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की।

**पर्चे में लिखा- पहले ही मार दिया जाता:** मृतक की पहचान केशामुंडी निवासी भदरू सोढ़ी (41), पिता हिडमा के रूप में हुई है। नक्सलियों ने रविवार रात के समय भदरू के घर में घुसकर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर किया। मौके पर मिले पर्चे में लिखा है कि भदरू को पहले ही मार दिया जाता, लेकिन वह बच गया था। नक्सलियों ने गांव में उनकी जानकारी देने के आरोप में यह हत्या की है।

### अवैध तरीके से महिला शराब बेचते गिरफ्तार

# 3 बोरियों में घर के भीतर छिपाकर रखी थी बोतलें, पुलिस ने मारी रेड



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में अवैध तरीके से शराब बेचते महिला गिरफ्तार हुई है। महिला ने अपने घर के भीतर तीन बोरियों में शराब की बोतलें छिपाकर रखी थी। पुलिस ने खुफिया सूचना पर रेड मारकर घेराबंदी की। इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 26 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली कि सेरीखेड़ी गांव में रानी मनहरे नाम की महिला का मकान है। रानी अपने घर से अवैध तरीके से शराब बेच रही है। इसके बाद मंदिर हसौद पुलिस ने रेड मारकर घर की घेराबंदी की। पुलिस को इस जांच में घर के भीतर तीन बोरियों में देशी शराब की बोतलें मिली, जो अवैध रूप से बेची जा रही थीं।

**महिला के घर से करीब 600 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त:** इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला रानी मनहरे को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के पास से करीब 600 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। महिला पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### बरहो कार्यक्रम से लौट रही पिकअप पलटी



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही:** गौरेला थाना क्षेत्र के पिपरखुटी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक, सभी यात्री अनूपपुर के राजेंद्र ग्राम के बदरा ग्राम पंचायत के निवासी हैं, जो बिलासपुर के खोंगसरा में आयोजित बरहो कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी खोड़री तिराहा मोड़ पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

स्थानीय लोगों की सूचना के बाद सभी घायलों को तत्काल गौरेला के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। गौरेला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# हनुमान चालीसा बंद कराने पर बवाल, हिंदुओं ने घेरा थाना

## इशाक ने पुजारी को धमकाया, कहा-ज्यादा भगवानगिरी मत दिखाओ, सुबह नींद खराब होती है







**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में हनुमान मंदिर में लाउडस्पीकर से हनुमान चालीसा बजाने को लेकर विवाद हो गया। ऑटो चालक इशाक खान ने पुजारी को धमकी दी है। इशाक खान ने कहा कि स्पीकर का वाल्यूम कम करके बजाओ। ज्यादा भगवागिरी और भगवानगिरी मत दिखाओ।

गाली-गलौज करने और धमकी देने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल, कोनी स्थित आईटीआरई गेट के पास हनुमान मंदिर है। जहां पुजारी मंदिर की देखरेख करता है। वह सुबह-शाम पूजा अर्चना भी करता है। लोगों ने मंदिर में लाउडस्पीकर भी लगवाया है, जिससे आसपास का माहौल भक्तिमय बना रहता है।

सोमवार की सुबह ऑटो चालक इशाक खान मंदिर में हनुमान चालीसा और भक्ति संगीत चलाने का विरोध किया। पुजारी से कहा कि स्पीकर का वाल्यूम कम करके बजा। सुबह से नींद खराब होती है। कई बार मना कर चुका हूं। अवैध निर्माण कर मंदिर बनाए हो। ज्यादा श्रीराम वाले हो तो अयोध्या जाओ।



**हिंदूवादी संगठनों ने थाने का किया घेराव:** ऑटो चालक का धमकी भरा वीडियो वायरल होने के बाद हिंदूवादी संगठन के लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। उन्होंने धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले विद्रोही ऑटो चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

**जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई:** कोनी थाना प्रभारी नवीन देवांगन ने उन्हें समझाइश देकर शांत कराया। साथ ही उनकी शिकायत पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। टीआई देवांगन ने बताया कि पुजारी ने मामले की शिकायत की है, जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# उज्जवल बिहान महिला आजीविका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में रंगोली और शपथ के माध्यम से दिया संदेश



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व उज्जवल बिहान महिला आजीविका संकुल संगठन, घुटरा की समस्त पदाधिकारियों, कैडरों और स्वसहायता समूह की दीदियों ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।

अभियान के दौरान महिलाओं ने रंगोली के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। रंगोली की आकृतियों में मतदान करने की प्रेरणा देने वाले स्लोगन और चित्र प्रदर्शित किए गए, जो आम जनता को आकर्षित करने में बेहद प्रभावशाली साबित हुए। इसके साथ ही संकुल संगठन के पदाधिकारियों और कैडरों ने कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया।

इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत की ओर से प्रभा प्यासी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन, और सहायक विकास विस्तार अधिकारी मंजुला कौरव ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने महिलाओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ ली और सभी उपस्थित लोगों को मतदान का महत्व समझाया।

# चंदा इकट्ठा कर चुनाव लड़ने की तैयारी

## निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप सोनी ने डोनेशन लेकर खरीदा नामांकन





**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार (एजेंसी)।** गौरेला नगर पालिका चुनाव में एक निर्दलीय प्रत्याशी जनता से चंदा इकट्ठा कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। वार्ड नंबर 3 के निवासी प्रदीप सोनी उर्फ डब्लू ने आम जनता से 15 हजार रुपए का चंदा जुटाकर नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फॉर्म खरीदा है। प्रदीप सोनी का कहना है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों पर जनता का भरोसा खत्म हो चुका है। उन्होंने दोनों दलों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जनता के सहयोग से चुनाव लड़कर दिखाएंगे।

**निर्दलीय प्रत्याशी ने किया जीत का दावा:** बता दें कि यह पहली बार है जब कोई प्रत्याशी पैसा बांटने की बजाय जनता से चंदा लेकर चुनाव लड़ रहा है। प्रदीप सोनी ने कहा कि वे भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने जीत का दावा भी किया।

# मंदिर में ढाई साल की मासूम को छोड़कर फरार

## महिला ने बच्ची को छोड़ा, सीसीटीवी आया सामने, जांच कर रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (एजेंसी)।** धमतरी जिले में एक महिला ढाई साल की मासूम बच्ची को गणेश मंदिर में अकेला छोड़कर फरार हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मंदिर के पुजारी ने जब बच्ची को अकेले रोते हुए देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

स्थानीय लोगों ने कुछ समय तक बच्ची की देखभाल की। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**गोद में बच्ची को लेकर पहुंची थी महिला:** दरसअल, कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्राम्हण पारा में गणेश मंदिर है, जहां पर सुबह से लोगो आना शुरू हो जाता है। इसी मंदिर में सोमवार को एक महिला अपने गोद में बच्ची को लेकर पहुंची थी। जहां दर्शन के बाद उसने बच्ची को गोद से नीचे उतार दिया और भाग निकली।

**महिला बच्ची की मां है या नहीं ये स्पष्ट नहीं:** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी के मुताबिक, सुबह करीब 10 बजे महिला बच्ची के साथ मंदिर आई, फिर पानी लेकर आती हूं, कहकर चली गई। अब बच्ची से बातचीत कर उसकी पहचान और पता जानने की कोशिश की जा रही है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि महिला बच्ची की मां है या कोई अन्य। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और महिला की तलाश में जुटी हुई है।

# साहू वर्सेस साहू से गुरूर नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव दिलचस्प

## कांग्रेस ने स्थानीय नेता टिकेश्वर साहू को बनाया उम्मीदवार, भाजपा से प्रदीप साहू मैदान में





**मीडिया ऑडीटर, बालोद (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले की गुरूर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए इस बार भाजपा और कांग्रेस ने सोशल इंजीनियरिंग का दाव खेला है। कांग्रेस और बीजेपी ने गुरूर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए साहू के खिलाफ साहू उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने प्रदीप साहू को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं कांग्रेस ने भी टिकेश्वर साहू को मैदान में उतारा है। दोनों दलों के उम्मीदवार साहू समाज से हैं, ऐसे में यहां का मुकाबला और भी ज्यादा दिलचस्प हो गया है।

कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद सुबह विधायक कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल माला और पटाखों के साथ टिकेश्वर साहू का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर टिकेश्वर साहू ने कहा कि वे गुरूर में जन्मे और पले-बढ़े हैं, इसलिए क्षेत्र की जनता के दुख-दर्द को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय व राज्य नेतृत्व के साथ-साथ विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा का आभार व्यक्त किया।

**गुरूम में दोनों दलों के बीच कड़ी टक्कर की उम्मीद:** चुनावी मुकाबले में जहां टिकेश्वर साहू को स्थानीय होने का लाभ मिल सकता है, वहीं भाजपा प्रत्याशी प्रदीप साहू भी लंबे समय से गुरूर में निवास कर रहे हैं। दोनों दलों के बीच कड़ी टक्कर की उम्मीद है, जिससे चुनाव दिलचस्प हो गया है।

**गुरूर रहा है कांग्रेस का गढ़:** आपको बता दें कि गुरूर नगर शुरू से ही कांग्रेस का गढ़ रहा है और यहां भाजपा में नेतृत्व क्षमता की कमी की वजह से यहां पर पार्षदों की संख्या ज्यादा होने के बाद भी अध्यक्ष नहीं बना पाए थे। वहीं पिछला कार्यकाल उतार चढ़ाव से भरा रहा, जिसके बाद से अब कांग्रेस कमर कस चुकी है। भाजपा में पार्टी स्तर पर कसावट की जरूरत है। वहीं विधायक संगीता सिन्हा का यह गृह नगर है, जिसे लेकर अब यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि विधायक जोर आजमाइश कर सकते हैं।

**यहीं जन्मा समझता हूं यहां की समस्या:** प्रत्याशी घोषणा के बाद टिकेश्वर साहू ने बताया कि छोटे कार्यकर्ता को इतना बड़ा सम्मान कांग्रेस ने दिया है और इसके लिए मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि यहां पर जन्म लेकर मैं शुरू से राजनीति में सक्रिय रहा और ये छोटा सा शहर है। मैं चाहता हूं यहां की छोटी-छोटी समस्या का निराकरण कर पाऊं और मुझे विश्वास है, यहां का हर व्यक्ति मेरे काका, भैया, भाई-बहन हैं, तो मुझे विश्वास है वो मुझे जरूर आगे बढ़ने में मदद करेंगे। आगे मैं उसी जनता के आशीर्वाद से जीतकर आऊंगा।

# भूमि विक्रय एवं रकबा सुधार हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** न्यायालय कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी जिला एमसीबी के पत्र क्र./240/वाचक/कले./2025 मनेन्द्रगढ़ दिनांक 10 जनवरी 2025, अनावेदक टी.के पटेल पिता एन.आर. पटेल निवासी ग्राम-मनेन्द्रगढ, तहसील मनेन्द्रगढ जिला एमसीबी के द्वारा ग्राम मनेन्द्रगढ प.ह.नं. 14 में स्थित भूमि खसरा नंबर 319/13, रकबा 0.006 हे0 है। तहसील मनेन्द्रगढ द्वारा प्राप्त पत्र में उल्लेखित आवेदक द्वारा भूमि विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकरी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में आवेदक के खसरा नं.319/13, 330/6झ के रकबों में वृद्धि होना पाया गया है।

मूल खसरा नं. 319/13, 330/6झ के राजस्व निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उक्त भूमि के रकबों में सुधार किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है, तो 06 फरवरी 2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा। इसी तरह एक और न्यायालय कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी जिला एमसीबी छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 240/वाचक/कले./2025, दिनांक 10 जनवरी 2025, मनेन्द्रगढ़ के अनुसार, अनावेदक सैय्यद आजम पिता सैय्यद अकबर, निवासी ग्राम मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी द्वारा ग्राम मनेन्द्रगढ़ के पटवारी हल्का नंबर 14 में स्थित भूमि खसरा नंबर 475/5, रकबा 0.0240 है आवेदक द्वारा भूमि विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय में प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार, उक्त भूमि के खसरा नंबर 475/5 के रकबे में वृद्धि पाई गई है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल गर्मी के मौसम में कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू की जाएगी। भारत और चीन के बीच 2020 में डोकलाम में हुए विवाद के बाद इस यात्रा को रोक दिया गया था।दोनों देशों के विदेश सचिवों के बीच दो दिन चली बातचीत के बाद यात्रा फिर शुरू करने का फैसला लिया गया। बैठक में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी शुरू करने का फैसला लिया गया। ये कोविड के बाद से बंद थीं।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री इस वार्ता के लिए बीजिंग गए थे। यह वार्ता भारत और चीन के विदेश सचिव-उप विदेश मंत्री तंत्र के तहत हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अक्टूबर में कजान में मिले थे। तब दोनों देशों ने आपसी संबंधों की स्थिति पर चर्चा की और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कुछ कदम उठाने पर सहमति जताई थी।

## भाजपा बोली- अरविंद केजरीवाल को बाबा साहेब अंबेडकर से नफरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को बाबा साहेब अंबेडकर से नफरत है। वे अंबेडकर विरोधी हैं। भाजपा ने पंजाब के अमृतसर में रविवार को बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर हमले का मुद्दा उठाया।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा- अमृतसर में सिटी कोतवाली के सामने बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर हथौड़े से हमला किया। ये कौन सी साजिश है कि थाने के सामने बाबा साहेब का अपमान हुआ और केजरीवाल की पूरी टीम चुप है। किसी ने आरोपी को रोकने की कोशिश नहीं की। अमृतसर में जो हुआ वो केजरीवाल से मर्जी से हुआ।

पात्रा ने कहा- जब सदन में कॉन्स्टिट्यूशन पर चर्चा चल रही थी, तब केजरीवाल ने एक फोटो जारी किया था। उसमें बाबा साहेब की तस्वीर हटाकर अपना फोटो लगाई थी। भ्रष्टाचारी, जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने अपनी तस्वीर संविधान पर लगाई।

पात्रा ने कहा कि केजरीवाल दलित विरोधी हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। उन्होंने पंजाब में आप की सरकार आने पर दलित डिप्टी सीएम बनाने का वादा किया था। लेकिन आजतक ऐसा नहीं किया। केजरीवाल को पंजाब जाकर बाबा साहेब की किसी भी मूर्ति के सामने जाकर साष्टांग प्रणाम करना चाहिए और अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## दिल्ली आईएएस कोचिंग हादसा, बेसमेंट के 4 मालिकों को जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 27 जुलाई को राउ कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने के समय का वीडियो। एक चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया।दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई की रात राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से 3 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने बेसमेंट के चारों मालिकों को जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव नरूला ने कहा कि हम आरोपियों की इस बात से सहमत हैं कि वे सिर्फ उस प्रॉपर्टी के मालिक हैं। बेसमेंट में पानी भरने से स्टूडेंट्स के डूबने में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जज ने यह भी कहा है कि स्टेटस रिपोर्ट या कहीं और ऐसा कोई सबूत नहीं दिया गया है जिससे चारों को-ओनर्स परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई केस बने। ऐसे में आरोपियों को राहत दी जा सकती है। इसके साथ ही कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को चारों आरोपियों को दी गई अंतरिम जमानत को रेगुलर बेल में बदल दिया। कोर्ट ने 21 जनवरी को यह आदेश दिया था, जो अब सामने आया है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट दायर की गई है।

# आप भी बन सकते हैं मुख्यमंत्री, विद्यार्थियों से किया संवाद : मुख्यमंत्री

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के बाद इंदौर के शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित मध्यान्ह भोजन के विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि वितरित कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है, वह सभी इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में शैक्षणिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। जीवन में ज्यादा से ज्यादा सीखें और ज्ञान अर्जित करें। परमात्मा ने प्रकृति के माध्यम से कई सारे रहस्यों को हमारे बीच विद्यमान किया है। ज्ञान के बलबूते पर इन रहस्यों से सीख सकते हैं और वर्तमान में इसका सदुपयोग करके अपनी योग्यता साबित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय का सदुपयोग करें। अपनी योग्यता साबित करें और उन्नति करें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल से पढ़कर निकला हूं, हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी भी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से सभी स्कूलों में पाते हैं। जहां मैं खड़ा हूं वहां आप भी खड़े हो सकते हैं। यही लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त करें। आप भी प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। आगे बढ़े, उन्नति करें और देश के विकास में अपना योगदान दें। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र



भार्गव, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री गौरव रणदिवे, स्थानीय पार्षद श्री नन्दकिशोर पहाड़िया, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित जिले के अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि तथा स्कूली बच्चे मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किये गये एस्ट्रोलॉजी लैब का अवलोकन किया और बच्चों से सवाल-जवाब किये। उन्होंने इस लैब की सराहना की और बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा सक्सेना ने बताया कि यह एस्ट्रोलॉजी लैब वैज्ञानिक चेतना को समर्पित है। यहां भौतिक, वैज्ञानिक, भौगोलिक आदि सिद्धांतों पर आधारित मॉडल बनाये गये हैं, जो इनके नियमों और सिद्धांतों को परिभाषित करते हैं। ये मॉडल विज्ञान के नियमों और सिद्धांतों को सीखने और समझने में आसान बनाते हैं। यहां मॉडल के माध्यम से गुरूत्वाकर्षण, न्यूटन के नियम, अंतरिक्ष आदि को आसानी से समझा जा सकता है। नगर निगम के सफाईमित्रों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वेस्ट मटेरियल से बनाया गया उनके छायाचित्र का पोट्रेट भेंट किया गया।

## केजरीवाल बोले- यमुना में जहर हरियाणा सरकार ने मिलाया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने कहा- दिल्ली के लोगों को पीने के लिए पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है। यमुना में हरियाणा से पानी दिल्ली में आता है। भाजपा की हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है।



हालांकि, जल बोर्ड ने उस पानी को दिल्ली में आने से रोक दिया। भाजपा सरकार ने पानी में ऐसा जहर मिलाया है, जिसे जल उपचार संयंत्रों द्वारा भी साफ नहीं किया जा सकता है। इससे दिल्ली के एक तिहाई हिस्से में पानी की कमी हो गई है।

केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में अफरा-तफरी मचाने के लिए ऐसा किया गया है ताकि दिल्ली के लोग मरें और इसका दोष आप पर आए।

उधर सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग को आज दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की ओर से एक ज्ञापन मिला। इसमें आरोप लगाया गया है कि हरियाणा से दिल्ली को मिलने वाले पानी में अमोनिया की मात्रा बढ़ गई है। इससे दिल्ली में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। आयोग ने हरियाणा सरकार को 28 जनवरी, दोपहर 12 बजे तक तथ्यात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

यमुना के पानी में जहर मिलाया भारतीय जनता पार्टी ने इतनी गंदी हरकत की है, जो शायद ही अब तक किसी ने की हो। दिल्ली के लोगों को पीने का पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है। हरियाणा से यमुना के रास्ते पीने का पानी आता है। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की सरकार ने दिल्ली में यमुना से आने वाले पानी में जहर मिलाकर भेज दिया है। ये तो भला हो हमारे दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियर्स का कि उन्होंने इसको पकड़ लिया। उन्होंने दिल्ली के बॉर्डर पर ही वह पानी रोक दिया और उस पानी को दिल्ली के अंदर नहीं आने दिया।

वाटर ट्रीटमेंट से भी नहीं साफ होगा पानी अगर वह पानी दिल्ली के अंदर आ जाता और पीने के पानी में मिल जाता तो न जाने कितने लोगों की दिल्ली के अंदर मौत हो जाती। ये जहर मिला हुआ पानी हरियाणा की बीजेपी सरकार ने भेजा है। इस पानी में उन्होंने ऐसा जहर मिलाकर भेजा है, जिसका दिल्ली में लगे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भी जहर की सफाई नहीं हो सकती। इस कारण से दिल्ली के अंदर एक तिहाई पानी की दिल्ली के अंदर कमी हो गई है।

## किसान-मजदूरों की आवाज दबाने वाले मीडिया पर राहुल गांधी ने सवाल उठाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भारत में होने वाली असल समस्याओं को मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। राहुल गांधी के मुताबिक, मीडिया का ध्यान सिर्फ उन मुद्दों पर केंद्रित है जो अडानी और अंबानी जैसे बड़े उद्योगपतियों के फायदे में आते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया के लोग, जो हर जगह कैमरा लिए घूमते हैं, वे किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की असल समस्याओं को सामने नहीं लाते। जबकि देश भर में किसानों की आत्महत्याएं, मजदूरों की हालत और बेरोजगारी का संकट बढ़ रहा है, मीडिया इन मुद्दों को छोड़कर सिर्फ अडानी और अंबानी की शादियां, उनके व्यापार और अन्य मनोरंजन की खबरों को



बढ़ा-चढ़ा कर दिखाता है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मीडिया अडानी और अंबानी के प्रभाव में है और वे अपनी नौकरी इसी दबाव में करते हैं। उनका कहना था कि यदि किसान मर रहे हैं, यदि मजदूरों की हालत खराब है, तो मीडिया को कोई फर्क नहीं पड़ता। बजाय इसके कि मीडिया जनता के मुद्दों को उठाए, वह अपने मालिकों के हितों को बढ़ावा दे रहा है। राहुल गांधी ने एक और गंभीर सवाल उठाया, जो मीडिया के अफगानिस्तान और पाकिस्तान पर ज्यादा ध्यान देने पर था। उन्होंने कहा कि मीडिया को भारत की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन मीडिया हमेशा अफगानिस्तान और पाकिस्तान की खबरों पर ज्यादा जोर देता है। भारत के किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जो सीधे तौर पर हमारे समाज को प्रभावित कर रही हैं। राहुल गांधी के बयान ने देश में मीडिया के कामकाजी तौर-तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मीडिया इस तरह से पक्षपाती रहेगा, तब तक देश की असल समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। वह चाहते हैं कि मीडिया को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## दिल्ली में लिव-इन पार्टनर ने युवती का मर्डर किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के गाजीपुर में 22 साल के लड़के ने अपनी चेचरी बहन का मर्डर कर उसकी बॉडी सूटकेस में रखकर उसे आग लगा दी। दोनों रिलेशनशिप में थे और पिछले साल अक्टूबर से साथ रह रहे थे। लड़की उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि लड़का रिलेशनशिप खत्म करना चाहता था। इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई होने के बाद लड़के ने अपनी कजिन का मर्डर कर दिया। रविवार को पुलिस को गाजीपुर में सुनसान जगह पर एक सूटकेस मिलने की खबर दी गई थी। वहां पहुंचकर पुलिस को सूटकेस के अंदर जली हुई बॉडी मिली। पुलिस ने मामले में मर्डर और सबूत मिटाने का केस दर्ज किया। ईस्ट दिल्ली के ष्ठस्क्क अभिषेक धानिया ने बताया कि हमारे पास इस मामले में कोई सुराग नहीं था। हमने इलाके का सीसीटीवी फुटेज देखना शुरू किया। सीसीटीवी में उन्हें एक ह्युंडई वर्ना गाड़ी दिखी, जो बॉडी मिलने के कुछ घंटे पहले ही उस इलाके से गुजरी थी। पुलिस ने कार का रेजिस्ट्रेशन नंबर ढूंढकर उसके ओनर से पूछताछ की। उस व्यक्ति ने बताया कि यह कार उसने अतिम तिवारी नाम के शख्स को बेची थी। पुलिस ने 22 साल के अमित तिवारी को ढूंढा और उसे कस्टडी में लिया। वह गाजियाबाद में रहता था और कैब ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था।

## गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी- महू में बरसे मल्लिकार्जुन खड़गे

**इंदौर (एजेंसी)।** महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि 'हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग मत ढूंढो लेकिन वे लोगों को ऐसा करने के लिए उकसाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने सारे देश में अछूत लोगों को, दलितों को, आदिवासियों को, पिछड़ों को, गरीबों जो उनके हक़ दिलाने की पूरी कोशिश की थी। एक व्यक्ति जब ये सब कर सकता है, तो आप क्यों नहीं? अगर आप सभी अंबेडकर जी जैसे बनें तो ये भाजपा की सरकार हिल जाएगी, उनका अता-पता नहीं लगेगा। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में जाने वाले



भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं है। ठेस पहुंची है तो माफी मांगता हूं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती क्या, आपके पेट को खाना मिलता क्या। उन्होंने कहा कि मैं किसी की आस्था पर ठेस नहीं पहुंचाना चाहता हूं। किसी को दुख हुआ है तो मैं माफी चाहता हूं। बच्चा जब भूखा मर रहा है, उन्हें रोजगार नहीं मिला रहा है। लेकिन करोड़ों रुपए खर्च कर ये लोग डुबकी मार रहे हैं। टीवी में जब तक अच्छा नहीं दिखता है, तब तक ये लोग डुबकी मारते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर बरसते हुए कहा कि मोदी-शाह हमें गाली देते हैं। आजादी की लड़ाई में इन्होंने कुछ नहीं किया। इन लोगों को सबक सिखाना है तो एकजुट हो जाओ। खड़गे ने कहा कि आपके बच्चों को घोड़ी पर नहीं चढ़ने देते हैं।

## पीएम बोले- भारतीय युवाओं के बिना भविष्य की कल्पना नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एनसीसी की सालाना पीएम रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा- भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। आप 21वीं सदी में भारत और दुनिया के विकास की दिशा तय करने वाले हैं। भारत के युवाओं के बिना दुनिया के भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। करिअप्पा परेड ग्राउंड में पीएम ने कहा- गणतंत्र दिवस परेड में सेलेक्ट होना अपने आप में उपलब्धि है, लेकिन इस बार की परेड खास थी। ऐसा इसलिए क्योंकि इस साल हमारे गणतंत्र ने 75 साल पूरे किए हैं। इस अमृतकाल में हमें एक ही लक्ष्य रखना है- विकसित भारत। हमारे हर फैसले, हर काम की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने इसके लिए पंच प्राणों को हमेशा याद रखने की



बात कही।

मोदी बोले- बार-बार चुनाव होने से पढ़ाई प्रभावित होती है एक देश एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर चल रही बहस भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अहम है। युवाओं को इस चर्चा में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए क्योंकि यह आपके भविष्य से जुड़ा है। भारत के भविष्य की राजनीति को आकार देने के लिए इस बहस में भाग लेना जरूरी है।

## आरजी कर केस- पीड़िता के पैरेंट्स ने उच्च न्यायालय से लगाई गुहार, संजय राय को न हो फांसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई 31 वर्षीय डॉक्टर के माता-पिता ने कहा कि वे इस अपराध के दोषी संजय रॉय के लिए मृत्युदंड की डिमांड नहीं करते हैं। कोर्ट में उनके वकील गार्गी गोस्वामी ने कहा, सिर्फ़ इसलिए कि उनकी बेटी ने अपनी जान गँवा दी है, इसका मतलब यह नहीं है कि दोषी को भी अपनी जान गँवानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल सरकार और द्वारा दायर अपीलों की प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा। दोनों ने दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाने के सियालदह सत्र न्यायालय के फ़ैसले को चुनौती दी है और मृत्युदंड की डिमांड की है। पश्चिम बंगाल सरकार, जिसका प्रतिनिधित्व एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने अदालत में कहा, सुप्रीम कोर्ट ने पहले माना था कि अकेले केंद्र सरकार ही ऐसे मामलों में अपील कर सकती है, लेकिन एक संशोधन ने स्पष्ट किया है कि राज्य भी सख्त सजा की मांग कर सकते हैं।

# हिमाचल में आईजी समेत 8 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित गुड़िया रेप-मर्डर केस में जांच के दौरान पुलिस कस्टडी में एक आरोपी की हत्या के मामले में 8 पुलिस अधिकारियों को चंडीगढ़ की सीबीआई कोर्ट ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने 18 जनवरी को इस मामले में इन अफसरों को दोषी करार दिया था।

आज कोर्ट ने हिमाचल के तत्कालीन डीएसपी जहूर एच जैदी समेत ठियोग के तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, स्ढ्ढ राजिंदर सिंह, एसआई दीप चंद शर्मा, ऑनरेरी हेड कॉन्स्टेबल मोहन लाल और सूरत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल रफी मोहम्मद और कॉन्स्टेबल रानित को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने शिमला के तत्कालीन एसपी डीडब्ल्यू नेगी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। सीबीआई कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक-



एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले अदालत ने आज सुबह सभी दोषियों की अपील सुनकर शाम 4 बजे के बाद फैसला सुनाने को कहा था। साल 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में नाबालिग गुड़िया का रेप और मर्डर हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान टॉर्चर किए जाने पर उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इसका आरोप दूसरे आरोपी राजू पर लगा दिया था। हालांकि लॉकअप में सूरज की हत्या के बाद गुस्साई भीड़ ने कोटखाई पुलिस थाना फूंकने की कोशिश की।

तब तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने यह केस सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई ने इस मामले में आईजी और एसपी शिमला समेत 9 पुलिस अधिकारियों और जवानों को गिरफ्तार किया था। शिमला जिले के कोटखाई में 4 जुलाई, 2017 को 16 वर्षीय एक छात्रा (गुड़िया काल्पनिक नाम) स्कूल से लौटते वक्त लापता हो गई थी। 6 जुलाई को कोटखाई के तांदी के जंगल में छात्रा का शव निर्वस्त्र मिला। पुलिस ने जांच में पाया कि छात्रा की रेप के बाद हत्या की गई। इस मामले की जांच के लिए शिमला के तत्कालीन सैयद जहूर हैदर जैदी की अध्यक्षता में गठित की गई।

# शिवम दुबे की भारतीय टीम में वापसी संभव, नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह चोटिल



**मुंबई ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि उभरते हरफनमौला खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शेष मैचों से बाहर हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, रेड्डी को कम से कम चार सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत है, जिससे उनकी वापसी अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान ही संभव होगी। रेड्डी की अनुपस्थिति में, 31 वर्षीय शिवम दुबे को भारतीय टीम में बुलाए जाने की संभावना है।

दुबे 28 जनवरी को राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने पिछली बार जुलाई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था। हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी के बावजूद, दुबे का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ प्रभावित नहीं कर सका, जहां वह दोनों पारियों में खाता खोलने में असफल रहे। रेड्डी के चोटिल होने के अलावा, रिंकू सिंह भी चोटिल बताए जा रहे हैं। उनकी जगह चयनकर्ताओं ने रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया है। यह भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण समय है, क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन बनाए रखना अहम होगा। शिवम दुबे ने अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 448 रन बनाए हैं और गेंदबाजी में 11 विकेट चटकाए हैं। हालांकि, टीम प्रबंधन के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दुबे चोट से वापसी के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह कितनी प्रभावी ढंग से बना पाते हैं। चयनकर्ताओं ने रेड्डी को उनकी हालिया फॉर्म और ऑस्ट्रेलिया में किए गए प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर टीम में शामिल किया था। लेकिन अब उनकी जगह दुबे के चयन से टीम की संरचना में क्या बदलाव आएगा, यह देखने लायक होगा। वहीं, रमनदीप सिंह को रिंकू सिंह की जगह शामिल किए जाने से यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय क्रिकेट का फोकस प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मौका देने पर है। आधिकारिक घोषणा के लिए बीसीसीआई की ओर से अभी इंतजार है, लेकिन यह बदलाव इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारतीय टीम के प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।

## क्रिकेट में पहला छक्का लगने के लिए करना पड़ा था 21 साल का इंतजार

क्या आप जानते हैं कि क्रिकेट में पहला छक्का लगने के लिए 21 साल का इंतजार करना पड़ा था? टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी, लेकिन पहला छक्का 14 जनवरी 1898 को एडिलेड ओवल के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जो डार्लिंग ने लगाया। उस दौर में छक्के लगाना आज जितना आसान नहीं था। उस समय नियम यह था कि गेंद को स्टेडियम के बाहर भेजने पर ही बल्लेबाज को छह रन दिए जाते थे। सीमारेखा पार करने पर रन चार ही मिलते थे। ऐसे में छक्का मारना एवरेस्ट पर चढ़ने जैसा था। इस ऐतिहासिक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने थीं। जो डार्लिंग ने इस मैच में शानदार 178 रनों की पारी खेली और तीन छक्के लगाए। इनमें से एक ऐसा शॉट था जिसने इतिहास रच दिया। जो डार्लिंग का यह शॉट आज भी क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय है। एडिलेड ओवल में उनकी याद में स्टेडियम के बाहर उनकी मूर्ति भी लगाई गई है। उस समय टेस्ट क्रिकेट में छक्का लगाना बल्लेबाजों के लिए लगभग असंभव था। शुरुआती दौर में छह रन ज्यादातर ओवरथ्रो की मदद से ही बनते थे। वर्तमान समय में टी-20 क्रिकेट ने बल्लेबाजी का अंदाज बदल दिया है। अब बड़े-बड़े शॉट्स और स्टेडियम के बाहर जाती गेंदें आम हो गई हैं। भारत में ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जो गेंद को मैदान के बाहर भेजने का माद्दा रखते हैं। यही वजह है कि आज टेस्ट क्रिकेट में भी छक्कों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में खबरें आई हैं कि क्रिकेट में एक नया नियम लागू हो सकता है, जिसके तहत मैदान के बाहर गेंद भेजने पर आठ रन दिए जा सकते हैं। अगर यह नियम लागू होता है, तो यह छक्कों के खेल को और रोमांचक बना देगा।

# सैमसन का वनडे में औसत 55-56 का फिर भी चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर




## हरभजन सिंह ने चहल और सैमसन को मौका नहीं देने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले हफ्ते चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। 15 खिलाड़ियों की इस टीम में विकेट कीपर के रूप में ऋषभ पंत और केएल राहुल को चुना गया है। संजू सैमसन का पत्ता कट गया है। चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में सैमसन का नाम ना होने पर हरभजन सिंह नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि सैमसन का वनडे में औसत 55-56 का है फिर भी उन्हें मौका नहीं दिया गया है। इसके अलावा युजवेंद्र चहल के चयन ना होने से भी वह नाखुश हैं। वर्ल्ड कप 2023 के पहले से ही केएल राहुल वनडे फॉर्मेट में विकेट कीपर के रूप में पहली पसंद बने हुए हैं, वहीं चोट के बाद वापसी कर रहे ऋषभ पंत को बतौर बैकअप विकेटकीपर टीम में शामिल किया गया है। वहीं अपनी काबिलियत के बावजूद सैमसन वनडे टीम में जगह बनाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। सैमसन ने आखिरी वनडे दिसंबर 2023 में साउथ अफ्रीका दौरे पर खेला था। उन्होंने 16 वनडे मैचों में 56 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं। हरभजन ने कहा कि सैमसन की बैटिंग वनडे फॉर्मेट के लिए अनुकूल है। हरभजन ने कहा कि सच में मुझे उसके लिए बुरा लगता है। वह रन बनाता है लेकिन उसे बाहर कर दिया जाता है। इसके अलावा, हरभजन ने युजवेंद्र चहल को लेकर कहा कि चयनकर्ताओं को एक्सट्रा वेरिएशन के लिए लेग स्पिनर पर विचार करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संजू टीम में नहीं है। युजवेंद्र चहल भी टीम में नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा भोसले की पोती जनाई को बहन मानते हैं सिराज

**मुम्बई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड गायिका आशा भोसले की पोती जनाई भोसले की हाल में कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर छायी हुई थीं। इन्हीं में से कुछ तस्वीरों में क्रिकेटर मोहम्मद सिराज भी दिखे थे। जिसके बाद से ही प्रशंसकों को लगा था कि ये दोनो डेट कर रहे हैं। वहीं इसी को लेकर सिराज का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं हैं और जनाई मेरी बहन की तरह है। सिराज ने सोशल मीडिया पर आशा भोसले की पोती जनाई के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक लिखा , 'मेरी बहना के जैसी कोई बहना नहीं। बिना इसके कहीं भी मुझे रहना नहीं। जैसा है चांद सितारों में, मेरी बहना है एक हजारों में'। सिराज की इस पोस्ट को जनाई ने भी रीशेयर किया है। वो इस स्टोरी को अपनी स्टोरी में री शेयर करते हुए लिखती हैं, 'मेरे प्यारे भाई'। इससे साफ है कि सिराज और जनाई एक-दूसरे को भाई-बहन की तरह समझते हैं और एक दूसरे के काफी करीब हैं।

### 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतारेंगे विराट कोहली

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले हफ्ते अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले है। दिल्ली की टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में रेलवे से भिड़ना है। कोहली 13 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ आखिरी रणजी मैच खेला था। यह वापसी बीसीसीआई के नए नियमों के तहत हो रही है, जिसमे सभी भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी है। डीडीसीए ने कोहली की वापसी के लिए खास इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ाई गई है और करीब 10,000 दर्शकों के लिए जगह बनाई जा रही है। नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस दर्शकों के लिए खोले जाएंगे। जरुरत पड़ने पर बाकी स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीडीसीए ने घोषणा की है कि इस मैच के लिए कोई टिकट नहीं जारी किया जाएगा। सभी दर्शक मुफ्त में मैच देख सकते है।

### वाइटैलिटी लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेंगे खिलाड़ी : ईसीबी

**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और द हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के अनुसार नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती को बनाये रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही कहा कि अब खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अलावा कोई अन्य लीग भी नहीं खेल पायेंगे। साथ ही कहा कि उसके खिलाड़ी अब पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेल पाएंगे। इसका कारण है कि ईसीबी ने अपनी खिलाड़ियों के इस लीग में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# हैरी ब्रूक विश्व क्रिकेट में काफी आगे जाएंगे : दिनेश कार्तिक



**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे दिनेश कार्तिक ने कहा है कि विश्व क्रिकेट के अगले सितारे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल नहीं बल्कि इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक होंगे। हैरी ने पदार्पण के बाद से ही कई अच्छी पारियां खेली हैं। कार्तिक के अनुसार जिस तरह से हैरी खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वो विश्व क्रिंकेट में काफी आगे जा सकते हैं। इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा , मेरे लिए, ब्रूक युवा पीढ़ी के सबसे खास खिलाड़ियों में से एक हैं, और निश्चित रूप से, जब वह अपना टेस्ट करियर खत्म करेंगे, तो उसे ऐसे खिलाड़ी के रूप में जाना जाएगा जिसने शानदार प्रदर्शन किया है और उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की श्रेणी में आते हैं. उसके पास एक बेहतरीन फ्री-फ्लोइंग बल्लेबाजी तकनीक है। कार्तिक ने साथ ही कहा, सबसे अहम बात, उसके पास एक ऐसा दिमाग है जो उसे बहुत सरल बनाये रखता है। इसलिए, वह बिना किसी संदेह के शीर्ष स्तर पर जा सकते हैं. ब्रूक ने डेब्यू के बाद से ही अब तक 24 टेस्ट मैचों में 2281 रन बनाये हैं।

# अर्शदीप सिंह बने आईसीसी पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024


**दुबई।** भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण तब आया जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया। 25 वर्षीय अर्शदीप ने 2024 में 18 टी20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 36 विकेट हासिल किए। यह उपलब्धि उन्हें न केवल भारतीय क्रिकेट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाजों में से एक बनाती है। इससे पहले, अर्शदीप को रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के साथ आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम में शामिल किया गया था। आईसीसी द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में अर्शदीप ने इस सम्मान के लिए अपने कोच, खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी मेहनत और समर्थन के बिना संभव नहीं था। 2024 टी20 विश्व कप में अर्शदीप का प्रदर्शन भारत की सफलता की




आधारशिला साबित हुआ। भारतीय टीम ने 17 वर्षों बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। जसप्रीत बुमराह के साथ अर्शदीप ने भारत के तेज आक्रमण का नेतृत्व किया और टूर्नामेंट में 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान साझा किया। टी20 विश्व कप के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अर्शदीप ने 9 रनों पर चार विकेट के शानदार आंकड़े दर्ज किए। फाइनल मुकाबले में, जहां भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से था, अर्शदीप ने निर्णायक भूमिका निभाई। क्विंटन डी कॉक का महत्वपूर्ण विकेट लेकर उन्होंने भारत की उम्मीदें बनाए रखीं। 19वें ओवर में जब दक्षिण अफ्रीका को 12 गेंदों में 20 रन चाहिए थे, अर्शदीप ने मात्र 4 रन दिए। हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में 16 रन डिफेंड कर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। अर्शदीप ने कहा, टी20 विश्व कप फाइनल में जीतना हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण था। मैं भविष्य में भी ऐसे प्रदर्शन कर टीम को बेहतरीन नतीजे दिलाने की कोशिश करूंगा। यह पुरस्कार अर्शदीप की प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है और वह भारतीय क्रिकेट का चमकता सितारा बने हुए हैं।

# सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा, टीम में 3 खिलाडी शामिल

**दुबई ( एजेंसी )।** आईसीसी ने साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा की। इसमंव भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर ऋचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को शामिल किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। स्मृति मंधाना के लिए यह साल खासतौर पर शानदार रहा। उन्होंने 23 मैचों में 763 रन बनाए, जिसमें 8 अर्धशतक शामिल हैं। मंधाना का औसत 42.38 और स्ट्राइक रेट 126.53 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ शानदार पारियां खेलीं। उनकी निरंतरता और आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। ऋचा घोष की विस्फोटक बल्लेबाजी ने भारत के लिए कई अहम मुकाबले जिताए। उन्होंने



21 मैचों में 365 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 156.65 का रहा। उनकी सबसे यादगार पारी यूएई के खिलाफ 64 रन की नाबाद पारी थी, जो सिर्फ 29 गेंदों में आई। ऋचा की ऐसी पारियों ने भारतीय टीम को मुश्किल हालात से उबारा। हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से भारतीय टीम को 2024 में कई महत्वपूर्ण जीत दिलाई। उन्होंने 17.80 के औसत से 30 विकेट लिए और महज 6.01 की इकॉनमी रेट से रन दिए। उनके गेंदबाजी प्रदर्शन में एशिया कप में नेपाल और पाकिस्तान के खिलाफ तीन-तीन विकेट शामिल हैं। आईसीसी की इस टीम की कप्तानी दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को सौंपी गई है, जिन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को कई जीत दिलाई। वोल्वार्ड्ट के साथ उनकी साथी खिलाड़ी मारिजन काप, श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज, इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट, ऑस्ट्रेलिया की अमेलिया केर, आयरलैंड की ओर्ला प्रेंडरगास्ट और पाकिस्तान की सादिया इकबाल भी इस टीम में शामिल हैं। आईसीसी महिला साल की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम - लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), मारिजन काप, स्मृति मंधाना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, चामरी अट्टापट्टू, हेली मैथ्यूज, नेट सिवर-ब्रंट, अमेलिया केर, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और सादिया इकबाल। इस टीम का चयन महिला क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में किया गया है। भारतीय खिलाड़ियों का चयन इस बात का प्रमाण है कि भारतीय महिला क्रिकेट का दबदबा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है।

# तिलक ने रच दिया इतिहास.....इस सूची में शीर्ष पर हुए काबिज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तिलक वर्मा के नाबाद अर्द्धशतक से भारत ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के सामने शीर्षक्रम की नाकामी से पार पाकर दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। तिलक 55 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर नाबाद रहे। जब एक छोर से विकेट गिर रहे थे, तब तिलक ने दूसरा छोर संभाले रखा और अंततः रवि बिश्नोई के साथ नौवें विकेट के लिए 20 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इस दौरान तिलक ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में वहां कारनाम कर दिखाया जो इसके पहले कोई खिलाड़ी नहीं कर सका था। तिलक टी20 अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने दो मैचों में बिना आउट हुए 300 से अधिक रन बनाए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में फुल मेंबर नेशन में दो



मैचों के बीच बिना आउट हुए सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तिलक पहले स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने मार्क चैपमैन को पीछे छोड़ा है, जिनके नाम यह रिकॉर्ड था। दरअसल तिलक बीती चार पारियों से आउट नहीं हुए हैं। तिलक ने आखिरी चार पारियों में नाबाद 107, नाबाद 120, नाबाद 19 और नाबाद 72 रन बनाए हैं। वहीं मार्क चैपमैन ने (65*, 16*, 71*, 104*, 15) रन बनाए थे। जबकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच तीसरे स्थान पर हैं। श्रेयर अय्यर सूची में चौथे और डेविड वॉर्नर पांचवें स्थान पर हैं।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं त्रिकूद एथलीट प्रवीण



**विजयनगर ( एजेंसी )।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे।

# डब्ल्यूसीएल के आगामी 2025 सीजन के लिए खेलेंगे धवन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आगामी 2025 सीजन के लिए इंडिया चैंपियंस टीम में शामिल किया गया है। टीम के सह-मालिक सुमंत बहल ने शिखर धवन को साइन करने की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को न केवल अनुभव मिलेगा, बल्कि उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को मजबूती भी मिलेगी। बहल ने बताया कि डब्ल्यूसीएल के उद्घाटन सीजन में इंडिया चैंपियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था और अब टीम का लक्ष्य एक बार फिर ट्रॉफी अपने नाम करना है। शिखर धवन ने इस लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि क्रिकेट के प्रति उनका जुनून उन्हें मैदान पर वापसी करने की प्रेरणा देता है। धवन ने कहा कि इस फॉर्मेट में खेलना उनके करियर के सुनहरे दिनों की यादें ताजा करेगा। डब्ल्यूसीएल का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट के सुनहरे युग को



वापस लाना है, और ऐसे में शिखर धवन जैसे खिलाड़ी की भागीदारी लीग को और खास बना देती है। डब्ल्यूसीएल के पहले सीजन में इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच एजबेस्टन स्टेडियम, बर्मिंघम में खेले गए मुकाबले को क्रिकेट प्रेमियों ने खूब सराहा था। अब लीग के दूसरे सीजन में धवन जैसे दिग्गज खिलाड़ी के शामिल होने से प्रशंसकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। डब्ल्यूसीएल के मुख्य संरक्षक निशांत पिट्टी ने कहा कि इस लीग का आयोजन क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक खास अनुभव होगा और यह खेल को एक नई दिशा देने का प्रयास है। इंडिया चैंपियंस के पास पहले सीजन के खिताब को बचाने की चुनौती है, और इसके लिए टीम ने अपने पिछले प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए नई रणनीतियां तैयार की हैं। टीम में धवन के आने से न केवल बल्लेबाजी मजबूत होगी, बल्कि उनका अनुभव युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। क्रिकेट के इस टी20 प्रारूप में दिग्गज खिलाड़ियों का दबदबा देखना एक बार फिर से दर्शकों के लिए बेहद खास अनुभव होगा। डब्ल्यूसीएल के 2025 सीजन की शुरुआत 18 जुलाई से होगी।

# गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा










**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया।

समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर अणिमा शर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये। उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन करके मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। समारोह में सेक्रेड हार्ट स्कूल, गुरूकुल स्कूल तथा मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया।

समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की झांकी में आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वरोजगार से आत्मनिर्भर होती महिलाएं दिखाई गईं। नगर निगम की झांकी में स्वच्छता अभियान तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को दिखाया गया। उद्योग विभाग की झांकी में इन्वेस्टर्स समिट, महिला एवं बाल विकास की झांकी में शिशु गृह एवं मिशन शक्ति योजना को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झांकी में आयुष्मान कार्ड तथा पीएचई विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से स्वच्छ जल आपूर्ति को दर्शाया गया। पशुपालन विभाग की झांकी में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को दिखाया गया। जेल विभाग की आकर्षक झांकी में केन-बेतवा लिंक परियोजना, श्रीराम मंदिर, एयरपोर्ट रीवा तथा महाकुंभ को दर्शाया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में संरक्षित खेती, ट्राईबल विभाग की झांकी में धरती आबा अभियान तथा शिक्षा विभाग की झांकी में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को प्रदर्शित किया गया। कृषि विभाग की झांकी में प्राकृतिक खेती, श्री अन्न उत्पादन को प्रदर्शित किया गया।

गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। परेड में प्रथम स्थान केन्द्रीय जेल, दूसरा स्थान जिला पुलिस बल महिला तथा तीसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में प्रथम स्थान सीनियर एनसीसी कन्या महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। इसमें दूसरा स्थान माडल साइंस कालेज तथा तीसरा स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ। समारोह में परेड में शामिल स्काउट गाइड को प्रथम, रेडक्रास बालिका को द्वितीय तथा स्काउट रीवा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। परेड में शामिल सैनिक स्कूल के दल में कन्या विंग को प्रथम तथा थल सेना को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान ट्राईबल, दूसरा स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा तीसरा स्थान जेल विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ।गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहला स्थान गुरूकुल स्कूल को प्राप्त हुआ। सेक्रेड हार्ट स्कूल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीसरा स्थान शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक स्कूल रीवा को प्राप्त हुआ। समारोह में कमिश्नर कार्यालय निर्वाचन कार्य, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ पंचूलाल प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, मुख्य व संरक्षक राजेश राय, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## शासकीय हाई स्कूल चोरहटा के विद्यालय भवन का विस्तार कराया जायेगा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल गणतंत्र दिवस पर शासकीय हाई स्कूल चोरहटा में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन के विस्तार के लिये 50 लाख रूपये की राशि मंजूर कराई जायेगी तथा विद्यालय के उन्नयन के प्रयास होंगे। उप मुख्यमंत्री ने बच्चों एवं उपस्थित जनसमुदाय को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाया जाय। संस्कारित व शिक्षित समाज ही भारत को विश्वगुरू बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में उल्लास का वातावरण है। शहर व गांवों में विकास के कार्य चल रहे हैं। रीवा में भी विस्तार के सभी कार्य आगामी कार्ययोजना बनाकर किये जा रहे हैं। उन्होंने शहीदों का पुण्य स्मरण करते हुए आहवान किया कि भारत माता को परम वैभव तक पहुंचायें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार देने के साथ ही अनुशासन की भी शिक्षा दी जाय ताकि वह अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल सहायक कलेक्टर आर प्रपंज, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, प्राचार्य मधु सिंह सहित अध्यापक गणमान्य नागरिक तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की रही धूम

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नवगठित मऊगंज जिले का प्रथम गणतंत्र दिवस समारोह जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले भर में गणतंत्र दिवस की धूम रही। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड में



एसएएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला, सीनियर एनसीसी, जूनियर एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड, रेडक्रास एवं एनएसएस के दल शामिल रहे। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर नारियों को शॉल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया गया।

**पुरस्कार वितरणः** गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। सशस्त्र परेड में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल, दूसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल 25वीं वाहिनी तथा तीसरा स्थान जिला महिला पुलिस बल को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में एनसीसी सीनियर को प्रथम, स्काउट बालक को दूसरा तथा एनसीसी जूनियर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में जीवन ज्योति स्कूल नईगढ़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर मऊगंज को दूसरा तथा संस्कार वैली स्कूल मऊगंज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। झांकियों में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दूसरा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रसना ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रश्मी चतुर्वेदी, एसडीएम बीके पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मनकामेश्वर मंदिर के पुर्नरूद्धार में जनसहयोग के लिये उप मुख्यमंत्री ने जताया आभार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जन सहयोग से किये जा रहे मनकामेश्वर भगवान के मंदिर का पुर्नरूद्धार कार्य आगामी दो माह में पूरा करायें। उन्होंने मंदिर परिसर को व्यवस्थित व सौन्दर्यीकृत किये जाने की भी बात कही। उप मुख्यमंत्री ने भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

उप मुख्यमंत्री ने मंदिर पुर्नद्वार कार्य का निरीक्षण किया तथा उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि रीवा में भगवत कृपा एवं गौमाता की कृपा है। उन्हीं कृपा व आशिर्वाद से सभी बड़े-बड़े कार्य हो रहे है। श्री शुक्ल ने मंदिर पुर्नरूद्धार कार्य के लिये जन सहयोग हेतु साधुवाद दिया और कहा कि यह दर्शाता है कि बड़े कार्य भी जन सहयोग से हो सकते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि लोगों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर की भव्यता के साथ इसके विस्तार कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को भी व्यवस्थित कर पूरा परिसर सुंदर बनाया जायेगा तथा पार्किंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जायेगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शहर के ह्मदय स्थल में स्थित भगवान मनकामेश्वर मंदिर को अप्रतिम व भव्य रूप दिया जा रहा है इसमें सभी सहभागी बनें। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने मुक्तहस्त से जन सहयोग की राशि के चेक दिये। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामसफल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अधीक्षक, संजय गांधी अस्पताल राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अक्षय श्रीवास्तव, कमलेश सचदेवा शत्रुध्न सिंह, प्रदीप गौतम सुमन सहित प्रबुद्ध जन, शहरवासी, व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति तथा यातायात में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा संभाग के सभी जिलों में पिछले 6 महीने में नशीले पदार्थों के विरूद्ध अच्छा अभियान चलाया गया। इस अभियान को लगातार जारी रखें। नशीले पदार्थों की बिक्री के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के साथ-साथ नशामुक्ति के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाना आवश्यक है। युवा पीढ़ी को नशे की राह में भटकने से बचाने के लिए आमजन की भागीदारी से नशामुक्ति अभियान चलाना होगा। भावी पीढ़ी यदि नशे की राह में भटक गई तो हर तरह का विकास निरर्थक साबित होगा। रीवा शहर में नशामुक्ति तथा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी विशेष प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम और यातायात पुलिस मिलकर शहर के यातायात व्यवस्था को बेहतर करें। शहर की हर प्रमुख सड़क और चौराहे जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे आमजनता को बड़ी कठिनाई हो रही है। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए स्थाई उपाय करें। आटो, ठेले, दोपहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन सभी को व्यवस्थित कराएं। नगर निगम सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में पर्याप्त वाहन क्षमता की पार्किंग का निर्माण कराए। बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, एडिशनल एसपी अनिल सोनकर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे तथा अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## समूह नलजल योजनाओं का कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं विकास समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्री मिश्र ने कहा कि लगातार तीन वर्षों से जिले में औसत से कम वर्षा हो रही है। धरती में पर्याप्त पानी संचित नहीं हो पा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही जल स्तर में तेजी से गिरावट आएगी। इससे कई बसाहटों में पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है। जल जीवन मिशन से स्वीकृत समूह नलजल योजनाओं के कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर पेयजल की आपूर्ति कराएं। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही करें। कंदैला समूह नलजल योजना के सभी 109 गांवों में पाइपलाइन में सुधार कराकर एक माह में हर घर में पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें। बाणसागर समूह नलजल योजना तथा टमस समूह नलजल योजना के कार्य में भी तेजी लाएं जिससे गर्मियों में पानी की आपूर्ति की जा सके। नलजल योजनाओं के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों में सुधार का कार्य तत्काल कराएं।

बैठक में सांसद ने बिजली विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि फीडर सेपरेशन का कार्य बहुत धीमा है। निर्माण एजेंसी एक हजार के स्थान पर केवल 250 मजदूरों से कार्य करा रही है। अतिरिक्त मजदूर लगाकर तय समय सीमा में फीडर सेपरेशन का कार्य पूरा कराएं। सांसद ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को काम धीमा रहने पर कड़ी फटकार लगाई। सांसद ने कहा कि आरडीएसएस योजना से निर्मित विद्युत सब स्टेशनों का भ्रमण कराएं। समिति के सभी सदस्यों को फीडर सेपरेशन में शामिल गांवों की सर्वे सूची विधानसभावार उपलब्ध कराएं। सर्वे के बाद निर्धारित डीपीआर के अनुसार ही कार्य करें।

सांसद ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के लिए पारदर्शिता के साथ सर्वे का कार्य करके हर पात्र गरीब का नाम सर्वे सूची में शामिल कराएं। इसमें बांस के बर्तन बनाने वाले बंसल परिवारों को विशेष प्राथमिकता दें। शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत निर्माण कार्यों में से 90 प्रतिशत से अधिक आवास पूरे हो गए हैं। शेष आवासों को मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्याप्त प्रचार-प्रसार करके प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सर्वे सूची में पात्र हितग्राहियों के नाम शामिल करें। आवास योजना का लाभ देने के लिए त्योंथर क्षेत्र के मुसहर परिवारों को प्राथमिकता दें। सांसद ने रमसा योजना से स्वीकृत स्कूल भवनों का निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रावधानों के तहत सर्वे करके सामान्य क्षेत्र में 500 तक की आबादी तथा आकांक्षी विकासखण्डों में 250 तक की आबादी के सभी गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का कार्य शामिल करें। बैठक में जल संरक्षण के कार्यों, वाटरशेड परियोजना, मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना तथा कुसुम योजना की भी समीक्षा की गई।

बैठक में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि कंदैला समूह नलजल योजना से इसमें शामिल सभी गांवों की हर बसाहट के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन दें। फीडर सेपरेशन योजना में प्रस्तावित 3596 में से केवल 815 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इस कार्य में तेजी लाएं। फीडर सेपरेशन का कार्य पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जल संरक्षण के संबंध में सुझाव दिए।

## महाकुंभ में आतिशी के गीतों ने दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मध्यप्रदेश की उभरती कलाकार आतिशी तिवारी ने महाकुंभ में अपनी गायन प्रस्तुति से हज़ारों भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शक आतिशी के गीतों पर लगातार थिरकते तालियाँ बजाते और वंस मोर कहते आतिशी का उत्साह बढ़ाते रहे।

अपने भजनों और लोकगीतों के लिए प्रसिद्ध आतिशी को मध्यप्रदेश संस्कृति मंत्रालय की ओर से 3 दिनों के शो के लिए आमंत्रित किया गया था जहाँ उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। सभी दर्शक आतिशी के गीतों को सुनकर थिरकते रहे और ज़ोरदार तालियों और शोर के साथ साथ देते रहे।

आतिशी ने बताया कि ड्रोन शो चलने के कारण मंच के सामने सिर्फ 8-10 दर्शक थे पर गंगा मैया की कृपा से भजनों को सुनकर लगभग 3 हज़ार दर्शक वहाँ आ गए और उनके लगातार तालियों, जोश और जयकारे ने मानों मेरे जीवन का एक नया अध्याय लिख दिया। मध्यप्रदेश संस्कृति मंत्रालय एवं रामम सांस्कृतिक समिति का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने अपने गुरु,माता पिता और ईश्वर को कार्यक्रम की सफलता का श्रेय दिया।

आतिशी ने महाकुंभ के महत्व पर भी स्वयं गाना लिखकर कंपोज किया और पहली बार मंच से ही उसकी प्रस्तुति दी जिसे सुनकर दर्शकों ने गाने को जल्द रिलीज़ करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा शिव एवं गंगा यमुना सरस्वती पर नए बनाये गीतों की आतिशी ने प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति दल में गायिका आतिशी तिवारी, तबला अमित सोनी, सृजन शुक्ला, ऑर्गन अंश पर्व मिश्रा, ढोलक अमन साकेत,ऑक्टापैड में यश गुप्ता शामिल रहे। इन सभी संगत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को सफल कर दिया।

## प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा पोर्टल पर प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के आवेदन की तिथि में वृद्धि की है। मान्यता नवीनीकरण के लिए अब 31 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 7 फरवरी तक पाँच हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक एलआर दीपांकर ने कहा है कि सभी बीआरसी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण करके स्पष्ट अभिमत के साथ मान्यता के आवेदन की अनुसंशा करें। निर्धारित तिथि के बाद यदि कोई स्कूल बिना मान्यता के संचालित पाया जाता है तो शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

## रिवर फ्रंट फेज- टू के कार्यों का उप मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बीहर रिवर फ्रंट के फेज - टू अन्तर्गत पचमठा से कोतवाली घाट कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## भारत पर्व पर मऊगंज में रंगारंग कार्यक्रम हुए आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर मऊगंज जिला मुख्यालय में भारत पर्व का आयोजन किया गया। शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सिंगरौली के अशोक कुमार पाण्डेय एवं इनके दल द्वारा विरहा लोकगीत एवं महेन्द्र कुमार एवं उनके साथियों द्वारा गुदुम बाजा नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गई। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी को लोगों ने बड़े चाव से देखा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम प्रशंसनीय है। उत्तम प्रस्तुतियों के लिये उन्होंने दोनों दलों की सराहना की तथा कहा कि देश भक्ति के गीतों ने जोश भर दिया। आदिवासी गुदुम बाजा के साथ नृत्य में अद्भुत एनर्जी देखने को मिली। आदिवासी संस्कृति से सीख मिलती है उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। इस अवसर पर एसडीएम बी.के. पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी तथा स्थानीय जन व सुश्री श्रोता व दर्शक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पर्व के आयोजन हमारे संकल्पों को प्रदान करते हैं दृढ़ता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के आयोजन संकल्पों को दृढ़ता प्रदान करते हैं। हमारा दायित्व है कि विरासत में प्राप्त आजादी को संरक्षित व संवर्धित रखते हुए देश को विश्व गुरू बनाने के संकल्प से सिद्धि तक की भूमिका का निर्वहन करें।

नगर निगम टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन भारत पर्व का आयोजन ऐतिहासिक व यादगार बना देता है। देश भक्ति व लोक परंपराओं से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे मानस पटल पर अंकित हो जाते हैं और देश प्रेम की भावना जागृत हो जाती है। उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के लिये कलाकारों की सराहना की।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।